नई दिल्ली
शनिवार 23 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 34
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 28

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जबलपुर जिला कोर्ट में समर्थ के सरेंडर के दौरान एक घंटे तक रही गहमागहमी, बार काउंसिल ने उसका लाइसेंस सस्पेंड किया

जबलपुर हाईकोर्ट का आदेश : दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम भोपाल आकर करेगी दोबारा पोस्टमार्टम

# सीबीआई पता लगाएगी ट्विशा की मौत का सच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में शुक्रवार को कई बड़े घटनाक्रम सामने आए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के बीच, जबलपुर हाईकोर्ट ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का ऐतिहासिक आदेश दिया है। वहीं, मृतका के पति समर्थ सिंह ने जबलपुर जिला कोर्ट में कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। शुक्रवार को गृह विभाग की अधिसूचना के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने का रास्ता ▶▶ शेष पेज 5 पर




मप्र सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश


समर्थ सिंह इस अंदाज में आया

- उधर, समर्थ ने 9 दिन बाद जबलपुर जिला कोर्ट में किया समर्पण, इधर, समर्थ के वकील ने केस छोड़ा
- समर्थ ने हाईकोर्ट से वापस ली अग्रिम जमानत की याचिका, शनिवार सुबह पुलिस भोपाल कोर्ट में पेश करेगी

### सास की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर 25 मई को सुनवाई

मृतका ट्विशा की सास और रिटायर्ड जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार और मृतका के पिता ने याचिका लगाई थी। इस पर कोर्ट ने गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी कर 25 मई 2026 तक जवाब मांगा है। वहीं, भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि गिरिबाला सिंह को बयान दर्ज कराने के लिए तीन बार नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।


गिरिबाला सिंह

अब कांपेंगे देश के दुश्मन, आतंकी पाकिस्तान और चालबाज चीन की नहीं चलेगी कोई चाल

## भारत ने किया परमाणु हमले में सक्षम अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं पर बनी हुई युद्ध की साझा चुनौती के बीच भारत ने शुक्रवार को परमाणु हमले में महारत रखने वाली कम दूरी की अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिसे पूर्वी भारत में स्थित ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) चांदीपुर से किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक जारी कर बताया कि परीक्षण के दौरान यह मिसाइल अपने सभी रणनीतिक और तकनीकी मानकों पर पूरी तरह से खरी उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के तहत इस परीक्षण को पूरा किया गया है। यह कमांड देश की त्रिस्तरीय परमाणु हमला करने की क्षमता (न्यूक्लियर ट्रायड, जल, थल और नभ से हमला करने में दक्ष) रखने वाले सभी हथियारों की निगरानी और रणनीतिक संचालन की जिम्मेदारी संभालती है। इस परीक्षण की मदद से कहीं न कहीं इसकी मारक क्षमता में भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एलएसजी पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कार्यालयों में 28 को होगी ईद-उल-अजहा की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार पर होने वाले अवकाश की तारीख में बदलाव किया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब दिल्ली और देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 को सार्वजनिक छुट्टी रहेगी। इस्लाम धर्म में ईद-उल-अजहा का विशेष महत्व है, जिसे त्याग और कुर्बानी का त्योहार माना जाता है। यह हजरत इब्राहिम की खुदा के प्रति अटूट आस्था की याद में मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने के बाद बकरे की कुर्बानी देते हैं। चांद के दीदार के अनुसार त्योहार की तारीख तय होने के कारण सरकार ने छुट्टी के कैलेंडर में यह संशोधन किया है।



समय की हर कसौटी पर खरा उतरा नाता, रणनीतिक साझेदारी में बदले भारत-साइप्रस के संबंध

# अगले पांच वर्षों में निवेश को दोगुना करेंगे दोनों देश, भारत-ईयू एफटीए से बनी नई संभावनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया संकट की वैश्विक चुनौती के दौर में शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के अलावा आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया है। जिसकी मदद से संबंधों को एक नई आकांक्षा और गति मिलेगी। हमारा नाता समय की हर कसौटी पर हमेशा खरा उतरा है। आज के निर्णय से हम अपने संबंधों को नई आकांक्षा और गति प्रदान करने जा रहे हैं। दोनों देश मिलकर एक सुरक्षित, समृद्ध और बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। पीएम ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि 'राष्ट्रपति निकोस की यात्रा से हकीकत में दोनों देशों को काफी लाभ होगा। यह एक समृद्ध और टिकाऊ ग्रह के निर्माण में भी योगदान देगी'। वहीं, विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस उच्च-स्तरीय वार्ता के अंत में कुल 14 दस्तावेज परिणाम के रूप में सामने आए हैं। जिसमें 5 एमओयू, 1 तकनीकी व्यवस्था और 8 घोषणाएं ▶▶ शेष पेज 5 पर

- बैठक के बाद दोनों देशों के बीच 14 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के साथ किया गया उनका आदान-प्रदान
- यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी, साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स की बैठक से मिली है



### अगले 5 साल में फिर से दोगुना होगा व्यापार

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए साझा प्रेस बयान में कहा कि दोनों देशों की साझेदारी का आधार लोकतंत्र, नियमों का शासन जैसे मूल्यों में समान विश्वास पर टिका हुआ है। हम दुनिया के सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करते हैं। भारत इन सिद्धांतों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उसका यह रुख आगे भी मजबूती के साथ कायम रहेगा। साइप्रस भारत के लिए 10 निवेशकों में से एक है। बीते करीब एक दशक में साइप्रस से भारत में दोगुना निवेश किया गया है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बीते वक्त में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से नई संभावनाएं बनी हैं। जिसका फायदा उठाते हुए हमने आगामी पांच वर्षों में अपने निवेश को एक बार फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

### इन क्षेत्रों में हुए एमओयू

- आतंकवाद से मुकाबले को लेकर संयुक्त कार्य समूह के गठन को लेकर एमओयू हुआ।
- कूटनीतिक प्रशिक्षण के लिए दोनों देशों के संस्थानों के बीच एमओयू हुआ।
- नवाचार-तकनीक को लेकर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स-आईटी मंत्रालय तथा साइप्रस के शोध, नवाचार और डिजिटल पॉलिसी के बीच एमओयू हुआ।
- उच्च-शिक्षा, शोध में सहयोग बढ़ाने को लेकर दोनों देशों के शिक्षा मंत्रालयों के बीच एमओयू हुआ।
- 2026 से 2030 तक भारत, साइप्रस के संस्कृति मंत्रालयों के बीच एमओयू हुआ।
- खोज और सहायता के लिए आधिकारिक रूप से समन्वय-सहयोग स्थापित करने के लिए भारत के रक्षा मंत्रालय और साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव केंद्र के बीच तकनीकी व्यवस्था को लेकर मंजूरी दी गई है।

### रक्षा सहयोग के लिए रोडमैप की घोषणा

- भारत-साइप्रस के बीच 2026 से 2031 तक रक्षा सहयोग को लेकर रोडमैप की घोषणा की गई है।
- रणनीतिक साझेदारी में द्विपक्षीय संबंधों को बदलने की घोषणा की गई है।
- दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा संवाद की स्थापना करने की घोषणा की गई है।
- काउंसलर संवाद के आगाज को लेकर भी दोनों देशों ने घोषणा की है।
- साइप्रस हिंद-प्रशांत ओसियन कदम में शामिल हो रहा है, जिसमें व्यापार, कनेक्टिविटी और ▶▶ शेष पेज 5 पर

10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का शेड्यूल जारी

## 1 जून को अधिसूचना... 18 जून को मतदान, शाम को काउंटिंग

पूरी चुनाव प्रक्रिया 20 जून तक कंप्लीट कर ली जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में होने वाले राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया। चुनाव आयोग ने 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया। गुजरात-मध्यप्रदेश समेत 10 राज्यों की 24 सीटों पर चुनाव 18 जून 2026 को कराया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती भी होगी। राज्यसभा के जिन 24 सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई 2026 में खत्म हो रहा है, उनकी सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। इन चुनावों के लिए अधिसूचना 1 जून 2026 को जारी होगी। उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच ▶▶ शेष पेज 5 पर




### मप्र की 3 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे

मध्य प्रदेश में राज्यसभा की जिन तीन सीटों का कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है, उनमें भाजपा के जॉर्ज कुरियन और सुमेर सिंह सोलंकी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिग्विजय सिंह शामिल हैं। विधानसभा में भाजपा के मजबूत संख्या बल को देखते हुए पार्टी दो सीटों पर मजबूत स्थिति में मानी जा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी एक सीट बचाने की रणनीति पर काम कर रही है।

### इन राज्यों में सीटें खाली

इन चुनावों में आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक और मिजोरम की सीटें शामिल हैं। सबसे ज्यादा चार सीटें आंध्र प्रदेश और गुजरात से खाली हो रही हैं। वहीं कर्नाटक से भी चार राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। जिन प्रमुख नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें मल्लिकार्जन खरगे, दिग्जिवजय सिंह और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा का नाम भी शामिल है। राजस्थान से राजेंद्र गहलोत, नीरज डांगी और रवनीत सिंह की सीटें भी खाली हो रही हैं।

डॉ. जयशंकर करेंगे अध्यक्षता, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री होंगे शामिल

## अगले सप्ताह मंगलवार को भारत में होगी क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक

एक खुले हुए, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विजन समेत अन्य क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही चीन की आक्रामकता के बीच अगले सप्ताह मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'क्वाड' समूह देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च-स्तरीय बैठक होगी। जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों का एक चतुष्कोणीय समूह है। जिसकी 26 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग भारत की यात्रा करेंगे।

**पीएम मोदी से होगी शिष्टाचार भेंट:** क्वाड की बैठक से इतर उक्त तीनों देशों के विदेश मंत्रियों की भारत के विदेश मंत्री के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। साथ ही अमेरिका, जापान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

बैठक में क्वाड के एक स्वतंत्र और खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विजन के अलावा पिछले साल 1 जुलाई 2025 को अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में हुई अपनी बैठक में हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में समूह देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, मौजूदा कदमों में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हालिया घटनाक्रम और साझा हितों से जुड़े हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सैनी ने नई दिल्ली में इंडो जापान कॉन्क्लेव को किया संबोधित

## मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जापान के निवेशकों को दिया प्रदेश में पार्टनरशिप का निमंत्रण



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नेक्स्ट जनरेशन इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए जापान के साथ मिलकर रेसिलिएंट सप्लाई चेन्स बन सकती है जिससे स्मार्टर, ग्रीनर ओर समृद्ध भविष्य का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-जापान कॉन्क्लेव में अपने संबोधन के दौरान कही। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सैनी ने सम्मेलन में पहुंचे जापान के निवेशकों को हरियाणा के साथ पार्टनरशिप करने का निमंत्रण दिया। यह पार्टनरशिप नवाचार, निर्माण, प्रौद्योगिकी, स्थिरता व भविष्य के लिए होगी।उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न प्रमुख विकास परियोजनाओ में जापान की उन्नत तकनीक और सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि भारत-जापान साझेदारी का सबसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 700 साल बाद भोजशाला में बदला इतिहास

मुस्लिम समाज ने विरोध में बांधी काली पट्टी
दुकानें बंद, 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात



### नमाज नहीं, पहली बार हुई सिर्फ 'अखंड पूजा'

**धार।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद, शुक्रवार को वहां करीब 700 साल में पहली बार जुमे पर नमाज नहीं हुई और सिर्फ पूजा-अर्चना की गई। भोज उत्सव समिति ने परिसर में वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित कर दर्शन-पूजन कराया और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का संकेत

ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक मशीनरी के आयात पर अत्यधिक निर्भरता से खतरा बना हुआ

# डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी से भारत की वैश्विक आर्थिक रैंकिंग पर भी असर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट अब केवल अस्थायी दबाव नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का संकेत मानी जा रही है। आर्थिक विश्लेषकों का कहना है कि बढ़ती आयात निर्भरता, विदेशी पूंजी का दबाव और वैश्विक भू-राजनीतिक संकट रुपये को कमजोर बना रहे हैं। अर्थशास्त्री महाजन के अनुसार, भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह 2014-15 के करीब 40.9 अरब डॉलर से घटकर पिछले वित्त वर्ष में लगभग 10.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं डिविडेंड, रॉयल्टी और ब्याज भुगतान के जरिए 2024-25 में करीब 48.4 अरब डॉलर की शुद्ध विदेशी मुद्रा निकासी हुई। इसके साथ ही भारत की विदेशी प्रेषण (रेमिटेंस) पर निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है। अनुमान के मुताबिक, हर साल करीब 140 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत आता है, जो देश के भुगतान संतुलन को संभालने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अभी भी ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक मशीनरी के आयात पर अत्यधिक निर्भर है, जिससे बाहरी आर्थिक झटकों का खतरा बना रहता है। महाजन ने आयात निर्भरता कम करने के लिए चुनिंदा टैरिफ बाधाएं, सट्टा पूंजी पर सख्त निगरानी और मजबूत औद्योगिक नीति की वकालत की है। हालांकि आलोचकों का मानना है कि इससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो सकता है।

अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में इस साल रुपये की गिरावट अधिक गंभीर मानी जा रही है। जापानी येन और चीनी युआन पर भी दबाव रहा, लेकिन उन देशों के मजबूत निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार ने स्थिति संभाले रखी। भारत के मामले में लगातार चालू खाता घाटा और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता बड़ी कमजोरी बनी हुई है। रुपये की कमजोरी का असर भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर भी दिखाई देने लगा है। भारत कुछ समय के लिए डॉलर आधारित जीडीपी के हिसाब से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, लेकिन रुपये में गिरावट के कारण जापान और ब्रिटेन ने फिर बढ़त बना ली है।

### रुपया 100 प्रति डॉलर तक पहुंचने के आसार

रिसर्च विश्लेषकों का अनुमान है कि यदि तेल कीमतों में नरमी रही और आरबीआई का हस्तक्षेप जारी रहा तो वर्ष के अंत तक रुपया 95 प्रति डॉलर के आसपास स्थिर हो सकता है। हालांकि पश्चिम एशिया संकट बढ़ने या विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने की स्थिति में रुपया 100 प्रति डॉलर तक भी पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकाल में भारत को विनिर्माण निर्यात बढ़ाने, आयात निर्भरता घटाने और स्थिर दीर्घकालिक निवेश आकर्षित करने पर जोर देना होगा। तभी रुपये को स्थायी मजबूती मिल सकेगी।

## 16 करोड़ की हेरोइन और कच्ची अफीम जब्त

# हेरोइन तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी जिला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे लगभग 16 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन और कच्ची अफीम जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में बुध विहार थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मणिपुर और दिल्ली-एनसीआर के बीच संचालित एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पर्दाफाश हुआ। इस अभियान के दौरान कुल 1,568 ग्राम हेरोइन और 506 ग्राम कच्ची अफीम बरामद की गई। इससे लगभग 1.5 से दो किलोग्राम हेरोइन बनाई जा सकती थी। नशीले पदार्थों



की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक और एक कार भी जब्त की गई। उत्तरी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने बताया कि समीर अहमद (21) और आशीष सोनी (29) के पास से 17 अप्रैल को 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी और उनकी गिरफ्तारी के बाद जांच शुरू हुई। बाद में एक टीम ने मनोज सोनी उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान दोनों आरोपियों को हेरोइन की आपूर्ति करने वाले मुख्य स्रोत के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान मनोज सोनी ने तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने 21 अप्रैल को तिलक नगर में छापा मारा और संध्या (30) को गिरफ्तार किया। उसके पास से लगभग 278 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि संध्या मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का हिस्सा थी।

उसका पति विक्की उर्फ आकाश वर्तमान में एनडीपीएस मामले में जेल में बंद है, जबकि उसकी सास भी मादक पदार्थों के मामले में जेल में है। आगे की जांच में पुलिस टीमें उत्तर प्रदेश के बरेली पहुंचीं, जहां सात मई को मेहनाज उर्फ बेजी (51) को 58 ग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वह बरेली क्षेत्र में कथित तौर पर सक्रिय हेरोइन तस्कर थी और पहले भी एनडीपीएस के दो मामलों में शामिल थी। मेहनाज की सूचना पर पुलिस ने 12 मई को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से यूनुस को गिरफ्तार किया। उसके पास से 578 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

यूनुस पर पहले से ही एनडीपीएस के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे एक प्रमुख अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर और गिरोह की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया है। यूनुस ने बाद में खुलासा किया कि वह मणिपुर से कच्ची अफीम मंगवाता था और उससे अपने घर पर हेरोइन बनाता था। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में हेरोइन तस्करी करता था। उसके खुलासे के आधार पर पुलिस की एक टीम 20 मई को इम्फाल गई और मणिपुर के कई इलाकों में छापेमारी की। दो आरोपियों मोहम्मद इस्तफाम (28) और फुंद्रिमयुम अमजद अली (34) को कार में कच्ची अफीम के साथ पकड़ा। पुलिस ने बताया कि वाहन के गियरबॉक्स के अंदर छुपाकर रखी गई 506 ग्राम कच्ची अफीम बरामद की गई।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के बाराबंकी निवासी शब्बीर नामक एक अन्य आरोपी को भी 17 मई को 300 ग्राम हेरोइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि वह अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी गिरोह का सक्रिय सदस्य था। इस गिरोह से जुड़े अन्य सहयोगियों और वित्तीय कड़ियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली में 252 मंडलों एवं 12 जिलों का कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्य पूर्णः सचदेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के शाहदरा एवं मयूर विहार जिलों के दो दिवसीय संगठात्मक प्रशिक्षण के लिए आयोजित रात्रि प्रवास पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को सम्पूर्ण हुए। इसी के साथ अब दिल्ली भाजपा के 252 मंडलों एवं 12 जिलों का संगठात्मक प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हो गया है और अब केवल चांदनी चौक एवं केशवपुरम जिलों का प्रशिक्षण शेष रह गया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मयूर विहार जिले के समापन सत्र में प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर तो केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शाहदरा जिला में पार्टी की कार्य पद्धति पर अपने विचार रखे। सचदेवा के साथ ही पूर्वी दिल्ली से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शाहदरा एवं मयूर विहार जिलों के शिविरों को प्रदेश की प्रशिक्षण टोली सदस्यों सांसद कमलजीत सहरावत, राजकुमार शर्मा, सुमित भसीन और शाहदरा जिले के अध्यक्ष दीपक गाबा एवं मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा की उपस्थिति में सम्बोधित किया। वहीं, बताया गया कि गुरूवार को प्रारम्भिक दिन के सत्रों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा राष्ट्रीय नेताओं तरूण चुघ, दुष्यंत गौतम एवं ओमप्रकाश धनखड़ आदि ने भी सम्बोधित किया था।

### खबर संक्षेप

### बलात्कार और पॉक्सो मामले में भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बलात्कार एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के एक मामले में भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 38 वर्षीय रिंकू उर्फ मोनू के रूप में हुई है, जो दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जाफरपुर कलां का रहने वाला है और कथित तौर पर 2024 से अदालती कार्यवाही से बच रहा था। पुलिस के अनुसार काजीपुर गांव के पास उसकी गतिविधियों की सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी जाफरपुर कलां थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में वांछित था। अधिकारी ने बताया कि उसे चार अप्रैल, 2025 को द्वारका की एक अदालत द्वारा भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था, क्योंकि वह मामले की कार्यवाही के लिए अदालत में पेश नहीं हुआ था।

### संगम विहार में दो वाहन जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में शुक्रवार को सड़क के किनारे खड़ी एक कार में आग लग गई। आग ने पास ही खड़े एक अन्य वाहन को चपेट में ले लिया। आग से दोनों वाहन जलकर खाक हो गए। पुलिस के अनुसार इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह घटना संगम विहार के बांध रोड पर हुई, जहां आमतौर पर सड़क के किनारे कई वाहन खड़े रहते हैं। अधिकारी ने बताया कि दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। वाहनों से घना धुआं उठा और स्थानीय लोग घटनास्थल के आसपास जमा हो गए थे।

## बकरीद के मद्देनजर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ईद-उल-अजहा से पहले दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसके तहत गश्त और वाहनों की जांच बढ़ाई गई है। साथ ही कई जिलों में अमन समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम, सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण और समन्वय बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

देश में 28 मई को ईद-उल-अजहा या बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। शाहदरा जिले में डीसीपी कार्यालय में भी एक बैठक आयोजित की गई, जहां वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थानीय प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की और उनसे सरकारी नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

शाहदरा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए समन्वय, सतर्कता और जनभागीदारी की जरुरत होती है। अधिकारियों ने लोगों से सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है। पूर्वी दिल्ली में पुलिस ने त्योहार से पहले विश्वास बढ़ाने के उपायों के तहत कई स्थानों पर निवासी कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) और बाजार कल्याण संघों (एमडब्ल्यूए) के साथ बैठकें आयोजित की हैं। पूर्वी दिल्ली जिले के एक अधिकारी ने बताया कि एसएचओ अलग-अलग अमन समिति की बैठकें कर रहे हैं, जबकि पुलिसकर्मी कई स्थानों पर 'प्रहरी' बैठकों का आयोजन कर रहे हैं।

इन बैठकों का उद्देश्य स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और स्वयंसेवकों के साथ समन्वय को मजबूत करना है ताकि त्योहार पर शांति बनाकर रखी जा सके और सार्वजनिक आवागमन का सुचारू प्रबंधन हो सके। उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने अतिरिक्त बलों की सहायता से संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल गश्त भी तेज कर दी है। पश्चिमी क्षेत्र में पुलिसकर्मी बाजारों, रिहायशी इलाकों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर व्यापक जांच अभियान चला रहे हैं और गश्त कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, बाजारों, धार्मिक स्थलों और बस स्टैंडों आदि सहित प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इस बीच, दिल्ली सरकार ने बकरीद को लेकर कहा कि शहर में गायों, बछड़ों, ऊंटों और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी देना पूरी तरह से अवैध है और ऐसा करने पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) श्री मनीष कुमार पुत्र श्री राजकुमार, निवासी आरजेडडी-123, वैशाली, द्वारका, दिल्ली, और ए-1, 2, तीसरी मंजिल, चाणक्य प्लेस, नई दिल्ली और प्लॉट सं. 68, सेक्टर-19, द्वारका और मकान सं. 240, द्वारका सेक्टर–19, दिल्ली और मकान सं. 240, द्वारका सेक्टर-6, दिल्ली और (2) श्री राकेश कुमार पुत्र बलवंत सिंह, निवासी मकान सं. 240, सेक्टर-19, द्वारका, दिल्ली और मकान सं. 122, पॉकेट बी-3, सेक्टर-17, द्वारका, दिल्ली और प्लॉट सं. 68, सेक्टर-19, द्वारका, दिल्ली और फ्लैट सं. 39ए, डीडीए फ्लैट, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 04/25, अंतर्गत धारा 406/420/467/468/471/120बी आईपीसी, दिनांक 16.01.2025, थाना ईओडब्लू मंदिर मार्ग, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) श्री मनीष कुमार, (2) श्री राकेश कुमार मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) श्री मनीष कुमार, (2) श्री राकेश कुमार फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 04/25, अंतर्गत धारा 406/420/467/468/471/120बी आईपीसी, दिनांक 16.01.2025, थाना ईओडब्लू मंदिर मार्ग, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त (1) श्री मनीष कुमार, (2) श्री राकेश कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.07.2026 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री मृदुल गुप्ता
एलडी. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
26, जी.एफ. एनेक्सो बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली


DP/6112/EOW/2026
(Court Matter)


## दिल्ली पुलिस ने दो साइबर जालसाजों को गोवा से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गोवा से दो कथित साइबर जालसाजों को गिरफ्तार कर डिजिटल माध्यम से प्राप्त ठगी की रकम को नकदी में बदलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इस गिरोह के माध्यम से किए गए लगभग 40 लाख रुपये के लेनदेन का भी खुलासा हुआ है। अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के रहने वाले अर्जुन लाल यादव (29) और दीपेंद्र महाला (25) को दक्षिण गोवा के मडगांव से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह दिल्ली, गोवा और राजस्थान में सक्रिय था और साइबर धोखाधड़ी से हासिल रकम को गोवा के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के जरिए नकदी में बदलता था। अधिकारी के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता ने यह दावा किया था कि एक सामान्य सॉफ्टवेयर या सिस्टम अपडेट के दौरान उसका मोबाइल फोन हैक हो गया था और इसके बाद अपराधियों ने शिकायतकर्ता और उसकी मां के बैंक खातों तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त कर ली और कुछ ही मिनटों में डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बाहरी उत्तरी जिले के साइबर थाने में ई-प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि धोखाधड़ी से अंतरित 98 हजार रुपये की धनराशि दक्षिण गोवा के



वास्को में स्थित एक पेट्रोल पंप को दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोशल मीडिया मंच पर सक्रिय एक विशेष फोन नंबर के जरिये संगठित तौर पर डिजिटल धोखाधड़ी से हासिल रकम को नकदी में परिवर्तित करने का काम कर रहे थे। आरोप है कि धोखाधड़ी से प्राप्त रकम को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को ऑनलाइन भेजा जाता था और भुगतान की पुष्टि होने और कमीशन की कटौती के बाद शेष राशि नकद में सौंप जाती थी। डिजिटल लेनदेन की जांच से पता चला है कि इस गिरोह के माध्यम से लगभग 40 लाख रुपये का लेनदेन पहले ही हो चुका है। एक टीम ने दक्षिण गोवा में छापा मारा और दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि गोवा में ठगी की रकम को नकद में बदलने के बाद उसे कथित रूप से राजस्थान में बैठे आकाओं को भेजा जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.95 लाख रुपये नकद, एक महिंद्रा थार एसयूवी, एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड और तीन चेक बुक जब्त की हैं।

### सुलतानपुरी में युवक को गोली मारकर जख्मी किया

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में कुछ व्यक्तियों ने 19 वर्षीय युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुये बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10.22 बजे सुल्तानपुरी थाने में गोलीबारी की एक घटना की सूचना मिली थी। यश के पैर में गोली लगी थी और उसे तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध को पकड़ा है और उससे पूछताछ कर रही है।

### दिल्ली सरकार ने एयरपोर्ट आने-जाने के लिए शुरू की राइड-शेयरिंग सेवा

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट आने-जाने के लिए राइड-शेयरिंग सेवा शुरू हो गई है। इस सेवा की शुरुआत शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। गौरतलब है कि देश के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में से एक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुरू की गई यह सेवा यात्रियों को उबर ऐप के माध्यम से सस्ती, सुविधाजनक और सहज शेयर्ड राइड का विकल्प उपलब्ध कराएगी। यह पहल साझा परिवहन को बढ़ावा देने और उपलब्ध परिवहन अवसंरचना के अधिक प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से शुरू की गई है। इससे एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले लगभग 7 लाख यात्रियों को लाभ मिलने की संभावना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार नवाचार और सतत गतिशीलता आधारित समाधानों के माध्यम से एक हरित और स्मार्ट राजधानी के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | वार्ड नं. 03, नगर परिषद बहादुरगढ़ में स्थित बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.05.202 | रु. 61,67,75,733/ | https://etenders.hry.nic.in | 9416188946 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/45519/I/88/7 दि. 22.05.26

### D.D. VENTURES LIMITED

CIN No. :- L50102DL1984PLC017834
Regd. Office : 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi, India, 110015
Email Id: a.bhaskar@ddmotors.net, Website: www.ddventures.in, Tel. No. 011-44400444

Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the Quarter & Year ended March 31, 2026

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED 31.03.2026 Audited | QUARTER ENDED 31.03.2025 Audited | YEAR ENDED 31.03.2026 Audited | YEAR ENDED 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 8.16 | 16.30 | 8.16 | 28.80 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.59 | 15.06 | 1.27 | 0.24 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.59 | 15.06 | 1.27 | 0.24 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.63 | 15.02 | 1.31 | 0.20 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 6.63 | 15.02 | 1.31 | 0.20 |
| 6 | Equity Share Capital | 94.60 | 94.60 | 94.60 | 94.60 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | -92.64 | -96.57 | -92.64 | -96.57 |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 1/- each) P.Y Rs. 10/- Each | | | | |
| | 1. Basic : | 0.07 | 1.59 | 0.01 | 0.02 |
| | 2. Diluted : | 0.07 | 1.59 | 0.01 | 0.02 |

We declare that the Audit Report issued by the Statutory Auditors of the Company on the Quarterly & Annual Audited Financial Results for the period ended on March 31, 2026 is unmodified.

Notes:
1. The above result has been reviewed by the Audit Committee and adopted by the Board of Directors at their meeting held on May 22, 2026
2. The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31.03.2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Yearly Audited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in.

For and on behalf of the Board of
D. D. Ventures Limited
Sd/-
Renu Gambhir
Director
DIN: 01239511

Place : New Delhi
Date : May 22, 2026


## 'इंडिया-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी क्षेत्रीय प्रगति का एक भरोसेमंद स्तंभ'

### उपराज्यपाल संधू ने इंडिया-जापान कॉन्क्लेव को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को इंडिया-जापान कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी क्षेत्रीय प्रगति का एक भरोसेमंद स्तंभ बन गई है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर एकीकृत शहरी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में लगातार आपसी सहयोग से आगे बढ़ रही है।

एलजी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो की सफलता की कहानी गढ़ने से लेकर मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट मेंर सहयोग करने तक जापान की टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और दूरदर्शी सोच ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में अहम बदलाव लाने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एलजी ने कहा कि जैसे-जैसे दिल्ली सिर्फ़ एक मेट्रो सिटी से बढ़कर एक स्मार्ट, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार महानगर बन रही है। वैसे वैसे दिल्ली एक स्मार्ट मोबिलिटी, टिकाऊ शहरी विकास और आपदा से निपटने की क्षमता जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं भी बन रही हैं। क्योंकि यह ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ जापान का इनोवेशन और अनुभव बेहतरीन समाधान दे सकता है। एलजी ने भविष्य को लेकर कहा कि इंडिया-जापान सहयोग के अगले चरण की परिकल्पना एकीकृत क्षेत्रीय विकास के इर्द-गिर्द की गई है। जिसमें द्वारका जैसे उभरते प्रमुख केंद्र हैं जो जापानी कंपनियों, रिसर्च संस्थानों और टेक्नोलॉजी केंद्रों के लिए जीवंत अहम ठिकाने बन सकते हैं। एलजी ने इंडिया-जापान की आपसी मित्रता को लेकर कहा कि यह एक टिकाऊ और विश्व स्तर पर जुड़े भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एलजी ने कहा कि जैसा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और जापान स्वाभाविक साझेदार हैं। आपसी सम्मान, साझा महत्वाकांक्षा और सामूहिक उद्देश्य के साथ यह मजबूत रिश्ता और भी गहरा हो रहा है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अंबाला | अंबाला जिले में अंबाला सिटी में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण + 12 कार्य। | 19.05.2026 25.05.2026 | 118.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में लोनिवि विश्राम गृह में मानवाधिकार आयोग कार्यालय में 4 अदद कार्यालयों और वॉशरूम का पुनरोद्धार समेत वॉल पैनलिंग और अन्य सहायक कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 28.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | गांव टिगराणा जीपी में 5 अदद खेत खलियान रास्ता आईपीबी की पेवमेंट (सीएम घोषणा 24219)। | 20.05.2026 27.05.2026 | 143.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | सिवानी जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल तोशाम में सिवानी कैनाल की 10 अदद 150 एचपी मोटर्स की रिवाइंडिंग। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 8.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 0 से 13950 टेल तक लोहारू लिंक चैनल की क्षतिग्रस्त पैच लाइनिंग की मरम्मत + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 11.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-235426 xenrorisrs@rediffmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांवों लाहली, माड़ौधी जाट्टान, माड़ौधी रांगडान (ब्लॉक-कलानौर) में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 456.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांवों पटवापुर, बलब-II, ककराना, गढ़ी बलब और आंवल (ब्लॉक-कलानौर) जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 627.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांव मकड़ौली खुर्द, मकड़ौली कलां, रुड़की (ब्लॉक-रोहतक) और भरान (ब्लॉक-महम) जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 821.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांव मदीना कोरसान और मदीना गिंधरान, ब्लॉक-महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 815.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांव बहलबा और खरकड़ा, ब्लॉक महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 763.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांव रिटौली, पहरावर, समरगोपालपुर कलां, समरगोपालपुर खुर्द, निदाना ब्लॉक व जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सैलाइन सॉयल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 684.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/220/45523/I/88/7 दि. 22.05.26

## खबर संक्षेप

### 'स्थायी रोजगार की मांग को लेकर बस मार्शलों ने शुरू किया आंदोलन'

नई दिल्ली। दिल्ली में स्थायी रोजगार की मांग को लेकर दिल्ली सिविल डिफेंस के पूर्व बस मार्शलों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बुधवार को चंदगी राम अखाड़े से महा आंदोलन की शुरुआत कर दी। आंदोलन में महिला और पुरुष बस मार्शलों ने भाग लिया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी मुकेशपाल सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार ने दिल्ली में सरकार बनने के 60 दिनों के भीतर स्थायी रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी 10,792 पूर्व बस मार्शलों को केवल आश्वासन ही मिला है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे कई बार मुख्यमंत्री और सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

### 'भीषण गर्मी में छोटे बच्चों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता'

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। विभाग की सचिव रश्मि सिंह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि छोटे बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है और अभिभावकों पर अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मौसम परिस्थितियों को देखते हुए अभिभावक अपनी सुविधा और बच्चों के स्वास्थ्य के अनुसार निर्णय ले सकते हैं कि वे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें या घर पर रखें। बच्चों की उपस्थिति (अटेंडेंस) को लेकर किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं रखी गई है।

## कई कॉलोनियों को 70 प्रतिशत तक की छूट

# 'दिल्ली सरकार ने पानी-सीवर इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज में दी राहत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को पानी-सीवर इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज (आईएफसी) में भारी राहत देने की घोषणा की है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के साथ शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आम नागरिकों, आवासीय परिवारों, संस्थानों और उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए पानी और सीवर संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर चार्जेज (आईएफसी) की व्यवस्था को तर्कसंगत और जनहितकारी बनाने का निर्णय लिया है।

इस फैसले का उद्देश्य लोगों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ कम करना, पारदर्शिता बढ़ाना और विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि अब पानी और सीवर के इंफ्रास्ट्रक्चर चार्जेज का निर्धारण भवन के कुल क्षेत्रफल के बजाय वास्तविक जल मांग के आधार पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईएफसी केवल नई निर्माण परियोजनाओं या किसी संपत्ति में अतिरिक्त निर्माण पर ही लागू होगा। जिन पुनर्विकास परियोजनाओं में पानी की मांग नहीं बढ़ती है, उन पर आईएफसी नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा, गैर-एफएआर (नॉन-एफएआर) तथा खुले और बिना ढके क्षेत्रों को पानी की मांग और आईएफसी की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य नागरिकों को राहत प्रदान करना, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना और जल प्रबंधन, सीवेज उपचार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में दिल्ली को एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करना है।


### 'छोटे परिवारों और मध्यम वर्ग को मिलेगा लाभ'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने अलग-अलग श्रेणी की कॉलोनियों और जरूरतमंद वर्गों को विशेष राहत देने का फैसला किया है। ई और एफ श्रेणी की कॉलोनियों में आईएफसी पर 50 प्रतिशत तथा जी और एच श्रेणी की कॉलोनियों में 70 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बनी 50 वर्ग मीटर या उससे छोटी आवासीय इकाइयों को अतिरिक्त 50 प्रतिशत रियायत दी जाएगी, जिससे छोटे परिवारों और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। धार्मिक स्थलों और धारा 12एबी के तहत पंजीकृत धर्मार्थ संस्थाओं को भी जल और सीवर आईएफसी पर अतिरिक्त 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### जीरो लिक्विड डिस्चार्ज व्यवस्था अपनाने वाले संस्थानों को भी मिलेगी रियायत

मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज व्यवस्था अपनाने वाले संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीवर आईएफसी में 50 प्रतिशत तक की रियायत प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि यह रियायत केवल उन्हीं संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगी, जहां केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के निर्धारित मानकों के अनुसार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित और पूरी तरह संचालित हो रहा हो। अगर जांच के दौरान एसटीपी बंद या काम नहीं करता पाया गया तो दी गई छूट वापस ले ली जाएगी और छूट की राशि पर प्रतिदिन 0.05 प्रतिशत की दर से जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## 'लैंडफिल साइटों को दिसंबर तक खत्म करने का लक्ष्य'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया दौरा

दिल्ली सरकार ने दिसंबर 2026 तक भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइट को कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। यह बात शुक्रवार को भलस्वा लैंडफिल साइट के दौरे के दौरान शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कही है।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कूड़ा हटाने के काम को समयसीमा में पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा लैंडफिल साइट्स के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल कचरे के पहाड़ों को हटाना ही नहीं, बल्कि इन स्थलों को पुनः जनता के उपयोग हेतु विकसित करना भी है, ताकि भविष्य में दिल्लीवासियों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे बायो-माइनिंग और कूड़ा निस्तारण कार्य की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि करीब 40 एकड़ जमीन खाली होने से कार्य की गति बढ़ी है तथा ठेकेदारों की लंबित पेमेंट सहित अन्य समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। साइट पर मशीनों और संसाधनों की संख्या भी बढ़ाई गई है। मंत्री सूद ने कहा कि वर्ष 2025-26 में दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइटों पर रिकॉर्ड 74 लाख टन कूड़े का निस्तारण किया गया है। भलस्वा और ओखला साइटों को इसी वर्ष समाप्त करने का लक्ष्य है, जबकि गाजीपुर साइट पर भी नई जमीन मिलने के बाद कार्य में तेजी लाई जा रही है।

## अगले छह दिन तक भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं, तापमान 43 डिग्री हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर वालों को अगले छह दिन तक भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को अधिकृत सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान रहा 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आंकड़े बता रहे है कि दिन की तुलना में रात का न्यूनतम तापमान भी दिल्ली वालों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली के रिज एरिया में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने 28 मई तक का अनुमान बताते हुए कहा कि अगले छह दिन दिल्ली वालों के लिए भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लु की मार वाले साबित होने की पूरी पूरी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान बढ़कर 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार है। बीच बीच में बेशक आसमान पर बादलों का जमावड़ा दिखाई दे सकता है लेकिन किसी भी तरह की राहत देने के मूड में नहीं होगा। साफ आसमान की वजह से सूरज के कड़े तेवरों वाली धूप दिल्ली में आग उगलने का काम करेगीं। कई बार करीब 40 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलेंगी जो झुलसाने वाली लू का कारण बनेगी।

## एआई तकनीक से हवा सुधारने के लिए दिल्ली सरकार ने किया समझौता

**रेखा की मौजूदगी में दिल्ली सरकार ने एआईआरएडब्ल्यूटी रिसर्च फाउंडेशन, आईआईटी कानपुर के बीच एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एआई और उन्नत तकनीक से दिल्ली की हवा सुधारने के लिए शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और एआईआरएडब्ल्यूटी रिसर्च फाउंडेशन, आईआईटी कानपुर के बीच अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य वायु प्रदूषण की चुनौती से प्रभावी एवं वैज्ञानिक तरीके से निपटना है। यह एमओयू अगले पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा और इसके माध्यम से राजधानी में एआई, उन्नत डेटा विश्लेषण, हाइपरलोकल मॉनिटरिंग और वैज्ञानिक निर्णय सहायता प्रणालियों के उपयोग से वायु गुणवत्ता प्रबंधन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी वायु प्रदूषण के स्रोतों की अधिक सटीक पहचान, हॉटस्पॉट्स की निगरानी, बेहतर पूर्वानुमान प्रणाली और समयबद्ध हस्तक्षेप सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में तकनीक आधारित सुशासन और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उसी दिशा में दिल्ली सरकार भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन को आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों की बेहतर पहचान, रियल-टाइम निगरानी निगरानी और पूर्वानुमान आधारित रणनीतियों के माध्यम से राजधानी की वायु गुणवत्ता में स्थायी सुधार लाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## विभाजन के समय संघ की शक्ति उतनी नहीं थी अन्यथा देश नहीं बंटा होता : आंबेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रस्तुत डाक्यूमेंट्री 'दिल्ली में संघ यात्रा' का प्रदर्शन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि 1942 से 1947 के बीच दिल्ली एवं सम्पूर्ण पंजाब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तेजी से तथा बहुत गहराई से विस्तार हुआ। बड़ी संख्या में लोग संघ के साथ जुड़कर कार्य करने लगे तथापि देश के विभाजन के समय संघ की शक्ति उतनी नहीं थी अन्यथा देश का विभाजन भी नहीं होता। वह दिल्ली में शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रस्तुत डाक्यूमेंट्री 'दिल्ली में संघ यात्रा' के प्रदर्शन के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संघ के 100 साल के इतिहास से दिल्ली का संघ कार्य बिल्कुल गहराई से जुड़ा हुआ है। इतने वर्षों में देश के पटल पर जितनी भी घटनाएं हुईं, उन सब घटनाओं में दिल्ली का अपना एक महत्व रहा और स्वाभाविक रूप से दिल्ली में जो संघ कार्य रहा उसका भी अपना एक महत्वपूर्ण स्थान, महत्वपूर्ण योगदान उस सारी प्रक्रिया में रहा। जहां सत्ता का केंद्र होने के नाते दलों की राजनीति का भी केंद्र दिल्ली सतत बना रहा, स्वाधीनता के पश्चात भी। और उस परिस्थिति में, उस दौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शाखाओं के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन जो केवल अपने कुछ कार्यक्रमों तक सीमित न रहते हुए समस्त समाज को संगठित करने के ध्येय को लेकर चल पड़ा तथा यह कार्य लगातार अभी तक चलता आया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ अनिल अग्रवाल ने कहा कि निरन्तरता और अनुकूलनशीलता संघ कार्य विशेषता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली प्रांत प्रचार प्रमुख रीतेश अग्रवाल ने कहा कि इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रस्तुत यह डॉक्यूमेंट्री दिल्ली में संघ के बीजारोपण से लेकर उसके विस्तार तक की कहानी को साक्ष्यों, स्मृतियों और ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से प्रस्तुत करती है। इसमें दिल्ली में संघ की शुरुआत, विभाजन का दर्द और उसकी विभीषिका के बीच किए गए संघ कार्य का चित्रण है।

## सरकार से नाराज हड़ताली ट्रांसपोर्टरों ने दूसरे दिन तांगा गाड़ी पर यात्रा कर जताया विरोध

नई दिल्ली। सरकार के कुछ फैसलों से नाराज ट्रक एवं छोटे मालवाहक ट्रांसपोर्टरों ने तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को तांगा गाड़ी पर यात्रा करते हुए अपना विरोध जताया। हड़ताल के दूसरे दिन दिल्ली एनसीआर में इसका असर साफ दिखाई दिया है। दिल्ली के बॉर्डर पर खड़े सैकड़ों मालवाहक वाहन बता रहे है कि हड़ताल से आने वाले दिनों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। हड़ताल का कामयाब बताते हुए ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि सब्जी मंडी से लेकर नया बाजार अनाज मंडी, खारी बावली, सदर बाजार, लाजपत राय मार्केट जैसे थोक बाजारों में माल नहीं पहुंचा है। सभरवाल ने व्यापारियों के मिल रहे सहयोग का धन्यवाद करते हुए कि वह भी हमारा साथ दे रहे है, माल भी बुक नहीं कर रहे है। उन्होंने दावा किया हरियाणा सीमा में कुंडली बॉर्डर से सैंकड़ों ट्रकों व छोटे माल वाहक वाहनों को वापस किया गया है। उन्होंने पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ हुई बैठक का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने हमें भरोसा दिया है कि जल्द ही सीक्यूएम व दिल्ली सरकार की बैठक होगी जिसमें आपके प्रतिनिधिमंडल को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिया है कि बैठक में यूरो फॉर वाहनों का एक्सटेंशन व ईसीसी मुद्दे पर कुछ हल निकले। ऐसे वाहनों को चलने दिया जाए जिनका समय बचा है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन सिंह का कहना है कि आजादपुर मंडी में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# दिल्ली में 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बुराड़ी के मुखमेलपुर में सीएम ने किया ऑक्सीजन पार्क का शिलान्यास

दिल्ली सरकार शहर के प्रदूषण से निपटने के लिए 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी जिनमें घने पेड़ होंगे। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के मुखमेलपुर गांव में करीब 3 एकड़ में एक ऑक्सीजन पार्क के शिलान्यास करने के दौरान दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क स्थानीय लोगों को हरियाली, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पार्क के निर्माण के लिए वन विभाग ने एक करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

इसके अलावा उन्होंने अपनी विधायक निधि/विवेकाधीन मद से भी एक करोड़ रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्क को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस, आकर्षक और दिल्ली के बेहतरीन पार्कों में शामिल होने योग्य बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुखमेलपुर में विकसित होने वाला यह पार्क केवल एक हरित क्षेत्र नहीं होगा, बल्कि यह स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक जीवनशैली का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऑक्सीजन पार्क में लोगों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वॉकिंग ट्रैक, आकर्षक और ऊर्जा दक्ष लाइटिंग, बैठने और आराम करने के लिए हट, सुंदर तालाब तथा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा पार्क में पर्याप्त हरित क्षेत्र और खुले स्थान भी विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद मुखमेलपुर के साथ-साथ जिंदपुर, बख्तावरपुर, हिरंकी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली की बेहतरी के लिए दिल्ली सरकार के साथ समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। बढ़ती शहरी आबादी के बीच ऐसे सार्वजनिक स्थान नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने, तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## फिर उठे दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल

# एमसीडी: कोरोना काल में खरीदी गई लकड़ियों में लगी आग

दया राम ⏭ नई दिल्ली



- 'हरिभूमि' की खबरों के बाद भी नहीं जागा निगम प्रशासन
- अब जली हुई लकड़ियां बनीं जांच और जवाबदेही का विषय
- जली हुई लकड़ियों की होगी जांच, लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई: महापौर

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा कोरोना महामारी के दौरान अंतिम संस्कार के लिए भारी मात्रा में खरीदी गई लकड़ियां एक बार फिर चर्चा में हैं। पहले ये लकड़ियां वर्षों तक खुले जंगल क्षेत्र में पड़ी-पड़ी दीमकों और मौसम की मार झेलती रहीं, और अब हाल ही में इन लकड़ियों के जले हुए अवशेष मिलने से निगम के जन स्वास्थ्य विभाग पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 'हरिभूमि' समाचार पत्र ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। अप्रैल 2025 में प्रकाशित खबर 'दिल्ली नगर निगम के लिए लकड़ियां बनी गले की फांस' तथा जुलाई 2025 में प्रकाशित खबर 'दीमकों का भोजन बन रही हैं एमसीडी की लकड़ियां' में निगम प्रशासन की लापरवाही और लाखों रुपये की लकड़ियों के अनुपयोगी पड़े रहने का खुलासा किया गया था। सूत्रों के अनुसार, इस मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहले से पहुंचती रही, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यही कारण है कि अब निगम के जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर फिर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि उनके संज्ञान में यह जानकारी आई और जली हुई लकड़ियों की जांच कराई जाएगी साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही है।

### बड़ी मात्रा में पूरी तरह जली हुई मिली लकड़ियां

अब हाल ही में सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन्हीं लकड़ियों में बुधवार को आग लग गई या फिर उन्हें जलाया गया। मौके से मिली तस्वीरों में बड़ी मात्रा में लकड़ियां पूरी तरह जली हुई दिखाई दे रही हैं। राख और अधजले लकड़ी के ढेर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि वर्षों से उपेक्षित पड़ी सामग्री अब पूरी तरह नष्ट होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

### खुद लगी आग या सबूत मिटाने की कोशिश?

सूत्रों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि आखिर इन लकड़ियों में आग कैसे लगी। क्या भीषण गर्मी और सूखे के कारण स्वतः आग लगी, या फिर किसी स्तर पर इसे जानबूझकर जलाया गया? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि पहले से ही इन लकड़ियों की खरीद, रखरखाव और उपयोग को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

### जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल

कोरोना काल में मानवता के संकट को देखते हुए लकड़ियों की खरीद को आवश्यक कदम बताया गया था, लेकिन महामारी समाप्त होने के बाद इनके उचित उपयोग, सुरक्षित भंडारण और संरक्षण को लेकर निगम प्रशासन गंभीर नजर नहीं आया। परिणामस्वरूप लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति पहले दीमकों और अब आग की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है।

### लकड़ियों में लगी आग का जिम्मेदार कौन?

जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि सरकारी धन से खरीदी गई लकड़ियों का यही हश्र होना था, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। लोगों का कहना है कि यह मामला केवल लकड़ियों के नष्ट होने का नहीं, बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। अब देखना यह होगा कि निगम प्रशासन इस पूरे मामले में जांच कर जिम्मेदारी तय करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## ई-पेमेंट सिस्टम शुरू करने के लिए एसबीआई के साथ समझौता : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ई-टेंडरिंग प्रणाली को और अधिक सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिल्ली सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तहत दिल्ली ई-गवर्नेंस सोसाइटी (डीईजीएस) ने दिल्ली गवर्नमेंट के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर एकीकृत ई-पेमेंट समाधान को लागू करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस बात की जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस समझौते के तहत 'ई-पे' नामक एक व्यापक डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म शुरू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सरकारी खरीद प्रक्रियाओं के लिए बेहतर ई-बैंकिंग सुविधाएं, आसान डिजिटल भुगतान सहायता और व्यापक मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में मुख्य रूप से भुगतान के लिए मैनुअल तरीके और भौतिक प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। 'ई-पे' समाधान लागू होने के बाद यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटाइज्ड हो जाएगी, जिससे सरकारी टेंडरों में भाग लेने वाले हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सुगमता सुनिश्चित होगी।

इसके अतिरिक्त इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और टेंडरिंग प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने के लिए आईटी विभाग ने दिल्ली गवर्नमेंट ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल में अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) सुविधा को भी इंटीग्रेट किया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-7 स्थित घर से पानी की मोटर चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान



रोहित, रक्षाराम, रोहित उर्फ वीरु निवासी बल्लभगढ फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस के अनुसार बब्लू निवासी सेक्टर-7 ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-7 स्थित एक मकान का केयर टेकर का है।

### भीषण गर्मी के बीच नई एसी रेंज लॉन्च

**फरीदाबाद।** देशभर में बढ़ती गर्मी और 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचते तापमान के बीच



क्लाइमेट टेक स्टार्टअप ऑप्टिमिस्ट ने अपनी पहली एयर कंडीशनर रेंज लॉन्च की है। कंपनी का दावा है कि यह एसी 50 डिग्री तापमान में भी प्रभावी कूलिंग देने में सक्षम है। फिलहाल 1.4 टन 5.स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एसी बाजार में उतारा गया है, जिसकी लॉन्च कीमत 39,990 रुपये रखी गई है।

### दो बुजुर्गों के शव मिलने से सनसनी

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्रान्तर्गत डीएलएफ के पास एक फ्लैट मे दो बुजुर्गों के



शव मिलने के बाद सनसनी फैल गयी। दोनों ही एक कमरे में रहते थे। किसी के भी शरीर पर चोट के निशान नहीं है। पुलिस का कहना है कि दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। डीडीपी धवल जायसवाल ने बताया कि शव दो से तीन दिन पुराने प्रतीत हो रहे है । मृतको की पहचान नेम सिंह पुत्र देशराज उम्र करीब 60 वर्ष व राकेश शर्मा पुत्र सत्यदेव शर्मा उम्र करीब 75 वर्ष के रुप मे हुई है । नेम सिंह राकेश का ऑटो चलाता था। फ्लैट में कोई गतिविधि न होने के कारण पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। फील्ड यूनिट को बुला लिया गया है ।

## सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर कमर्शियल स्पेस की लाइसेंसिंग के लिए एनसीआरटीसी ने आमंत्रित की निविदा

**आगंतुकों को भी रोजमर्रा की जरूर सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए एनसीआरटीसी ने सराय काले खां नमो भारत स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद कमर्शियल स्पेस की लाइसेंसिंग के लिए निविदा आमंत्रित की है।

एनसीआरटीसी पुनीत वत्स ने बताया कि इस निविदा के अंतर्गत स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर चिन्हित आठ स्थानों पर करीब 818 वर्ग मीटर (लगभग 8,800 वर्ग फुट) के कुल क्षेत्र को लाइसेंस के आधार पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें बेयर (अनिर्मित) और बिल्ट-अप (निर्मित अवसंरचना के साथ), दोनों तरह के कमर्शियल स्पेस शामिल हैं,



जिनका आकार 17 वर्ग मीटर की छोटी यूनिट्स से लेकर 247 वर्ग मीटर तक के बड़े स्पेस तक है। इन स्थानों को एज़ इज़ वेयर इज़ (यानी यथावत) आधार पर 9 से 15 वर्षों की लाइसेंस अवधि के लिए दिया जाएगा। इन कमर्शियल स्थानों का उपयोग यात्रियों की जरूरतों से जुड़ी सुविधाओं जैसे फूड और बेवरेज आउटलेट्स, कैफे, कन्विनिएंस स्टोर्स, सर्विस सेंटर, पॉड सेवाओं और अन्य रिटेल गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। नमो भारत स्टेशन परिसर के भीतर ही ऐसी सुविधाएं उपलब्ध होने से यात्रियों का समय बचेगा और उनकी यात्रा अधिक सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक बनेगी। इसके साथ ही, स्टेशन के आसपास के रिहायशी इलाकों और यहां आने वाले आगंतुकों को भी रोजमर्रा की जरूरी सेवाएं और रिटेल सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। सराय काले खां, दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक है और यह तेजी से एक प्रमुख मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित हो रहा है। यह स्टेशन हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन और रिंग रोड से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। हाल ही में, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रैवलेटर से लैस 280 मीटर लंबे कवर्ड फुट ओवरब्रिज को भी परिचालित किया गया है, जो हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इससे यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि हुई है ।

**50 से अधिक अवैध कब्जों पर कार्रवाई, आसपास के इलाकों में जाम से मिलेगी राहत**

## रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर एचएसवीपी ने धार्मिक स्थल सहित 50 निर्माण हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आजाद नगर और मुजेसर रेलवे फाटक इलाके में रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर आज बड़े स्तर पर तोडफ़ोड़ की गई। प्रशासन की संयुक्त टीमों ने अंडरपास और सड़क चौड़ीकरण परियोजना के रास्ते में आ रहे अवैध कब्जों को हटाया। जानकारी के अनुसार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और रेलवे विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों से दुकानों, मकानों और अन्य निर्माणों को हटाया गया। बताया जा रहा है कि एक धार्मिक स्थल सहित 50 से अधिक अवैध कब्जों पर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुजेसर रेलवे फाटक पर बनने वाले अंडरपास के निर्माण को तेज करने के लिए की जा रही है। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण प्रोजेक्ट रुका हुआ था। अंडरपास बनने के बाद सेक्टर-24, 25, संजय कॉलोनी और आसपास के इलाकों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही हार्डवेयर चौक, बीके चौक और बाटा पुल पर ट्रैफिक दबाव भी कम होगा।

**प्रशासन ने अवैध कब्जाधारकों को पूर्व में नोटिस जारी किए थे**

इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें पहले पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था या मुआवजा नहीं दिया गया। प्रशासन बिना कुछ बताए कार्रवाई की। वहीं प्रशासन का कहना है कि कब्जाधारकों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई की गई है।

**आयुक्त ने शीतल पेयजल व्यवस्था को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए**

### विजयनगर जोन के नए कार्यालय का जल्द होगा शुभारंभ, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को विजयनगर जोनल कार्यालय का निरीक्षण किया। विजयनगर जोनल कार्यालय की बिल्डिंग में टैक्स विभाग के अलावा निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग, उद्यान विभाग सभी विभाग के अधिकारी के बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने तत्काल कार्यालय को शुरू करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने आगंतुकों हेतु बैठने की व्यवस्था शीतल पेयजल की व्यवस्था को तत्काल करने के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए, जनगणना के कार्य में भी नए विजयनगर जोन कार्यालय का उपयोग करने के लिए कहा गया, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, प्रभारी नजारत डॉक्टर अनुज, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस से रंजीत व विजयनगर जोनलप्रभारी टीम के साथ उपस्थिति रही। नगर आयुक्त ने विजयनगर क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं को भी सुना जिसमें सड़क निर्माण को प्रारंभ करने का संदर्भ प्राप्त हुआ आगंतुकों की समस्याओं पर तत्काल कार्य करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए गए, गली का निर्माण कार्य नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए तेजी से पूरा करने के लिए कहा गया।

**कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे थानाध्यक्ष**

### पूर्व थानाध्यक्ष को घंटों जज साहब ने कोर्ट में बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कोर्ट में एक मामले में पेश न होने पर निवाड़ी थाने की पूर्व थानाध्यक्ष को जज ने एक घंटे कोर्ट में बैठा दिया। पूर्व पुलिस अधिकारी को एक घंटे बाद वारंट रिकॉल कर भेज दिया गया। उनके अधिवक्ता नरेश यादव का कहना है कि वर्ष 2016 में निवाड़ी थाने में एक छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में डाग स्क्वाड की मदद से पुलिस ने एक आरोपी अरुण गुप्ता को पकड़ा था। अरुण पर पुलिस ने रासुका भी लगाने की तैयारी की थी, लेकिन बिना जमानत डाले रासुका की कार्रवाई संभव नहीं थी। आरोप है कि पुलिस ने ही एक व्यक्ति को आरोपी का दोस्त बनाया और जमानत दाखिल करा दी थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | ADEN/NDLS के अंतर्गत SSE/Pway/NDLS खंड में वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक P. Way जोन कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | रू 1,49,00,381.09/– (रुपये एक करोड़ उनचास लाख तीन सौ इक्यासी और नौ पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | रू 2,98,000.00/– (रुपये दो लाख अट्ठानवे हजार मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.06.2026 को 15:00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई–निविदा सूचना/22/2026–27/W-3 दिनांक: 22.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1728/26

## खाताधारक सहित 3 गिरफ्तार, साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई

**कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर 98000 की ठगी**

**साइबर एनआईटी में मामला दर्ज किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर 98,000 की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान इमतियाज, रोहित व इलमान निवासी जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड के रुप में हुई है। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-56 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसने 23-12-2025 को गूगल पर कस्टमर केयर के नंबर सर्च कर फोन किया थाए ठगों ने 10 रुपये सर्विस चार्ज लगने की बात कहकर फोन काट दिया। फिर उसके व्हाट्यएप पर एक कॉल आई, जिसने कहा कि फोन-पे का बैंलेंस चेक करो, जैसे ही फोन में बैलेंस चैक करने की कोशिश की तो उसके फोन की स्क्रिन ऑफ हो गई और उसके खाता से 98000 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर थाना साइबर एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि इमतियाज खाताधारक है, जिसने अपना खाता आगे रोहित को दिया था, वहीं रोहित ने इस खाता को आगे इलमान को दे दिया। तीनों आरोपी एक ही जिला के रहने वाले है। खाता में ठगी के 98000 रुपए आए थे।

**पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक**

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.07.2026 से 31.12.2026 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल–10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक सहित सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/– और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/– की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नंबर सहित सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 05.06.2026 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/– चिकित्सा अधीक्षक

संवाद-1241/11/85/2027/45482/सी/88/7 दि. 22.05.26

**जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली**

## क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने बीती रात्रि को संदीप उर्फ चेंटा निवासी गांव मच्छगर को थाना छांयसा के अंतर्गत गांव फज्जूपुर क्षेत्र में अंडरपास के नजदीक मुठभेड़ के बाद काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी थाना सेंट्रल के अंतर्गत सेक्टर-12 कोर्ट मोड स्थित चंदीला फूड होटल पर 20 मई की सुबह कर्मचारी के साथ मारपीट करने व पिस्टल तानकर हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था।

एसीपी क्राईम वरुण कुमार दहिया ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि 21 मई की रात्रि, अपराध शाखा उंचा गांव की टीम को गुप्त सूत्रों से आरोपी की मोटरसाइकिल से गांव चांदपुर-अटाली रोड पर आने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर अपराध शाखा की टीम ने गांव चांदपुर-अटाली रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर आ रहे आरोपी को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह भागने लगा, जिस पर टीम ने उसका



पीछा किया। पीछा करते समय उसने पुलिस टीम पर 3 राउंड फायर किये। 1 फायर गाड़ी व 2 फायर पुलिस टीम पर किये गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में संदीप उर्फ चेंटा के बांए पैर में गोली लगी। जिसको इलाज के लिये सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में दाखिल कराया गया है, जिसकी स्थिति सामान्य है। मौका से 1 देसी पिस्टल व 3 खाली खोल व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपी का आपराधिक रिकार्ड भी है।

**एक नशा तस्कर काबू, 8 किलो 940 ग्राम हेरोइन बरामद**

## एसटीएफ ने पकड़ा 36 करोड़ की हेरोइन,पंजाब से लाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) हरियाणा की गुरुग्राम टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर को काबू किया है। यह कार्रवाई टीम ने सूचना के आधार पर भिवानी में की। टीम ने एक नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से 8 किलो 940 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 36 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। आरोपी की पहचान इंदिरा कॉलोनी भिवानी निवासी रोहित के रूप में हुई। एसटीएफ गुरुग्राम के डीएसपी प्रीतपाल सांगवान ने पत्रकारों को जानकारी दी कि सब इंस्पेक्टर विवेक के नेतृत्व में एसटीएफ गुरुग्राम की टीम भिवानी पहुंची। यहां भिवानी पुलिस से संपर्क कर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रेड की गई। रोहित के घर में जांच के दौरान अलमारी से यह नशीला पदार्थ बरामद हुआ। प्रारंभिक तौर की जांच में सामने आया कि आरोपी यह नशीला पदार्थ पंजाब से लाया था जिसे हरियाणा में सप्लाई किया जाना था। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए अदालत से रिमांड पर लिया जा रहा है। प्रारंभिक तौर की जांच के दौरान सामने आया कि यह आरोपी कुछ ही समय से इस कार्य में संलिप्त था और उसके खिलाफ यह पहला मुकदमा दर्ज हुआ है। इससे पहले आरोपी का भाई भी नशा तस्करी में संलिप्त मिला था जिसके खिलाफ पंजाब में केस दर्ज है और वह अदालत से भगोड़ा घोषित है। डीएसपी प्रीतपाल ने बताया कि नशा तस्करी की चेन को समाप्त करने के लिए एसटीएफ काम करेगी। हरियाणा में एसटीएफ द्वारा नशे की यह दूसरी बड़ी खेप बरामद की गई है। इससे पहले एसटीएफ ने 12 किलो हेरोइन बरामद की थी। अब यह दूसरी खेप बरामद की गई है। इसमें आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस आरोपी से और भी नशे की खेप बरामद होने की संभावना है। आरोपी से पूछताछ के दौरान इस चेन से जुड़े सभी आरोपियों को काबू करने का प्रयास किया जाएगा। डीएसपी ने बताया कि आरोपी हिसार के पीरांवाली गांव के रहने वाले हैं जहां काफी अधिक संख्या में लोग नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**भुज – दिल्ली जं. – भुज एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा की शुरुआत**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 19403/19404 भुज – दिल्ली जं. – भुज एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**19403/19404 भुज – दिल्ली जं. – भुज एक्सप्रेस ट्रेन (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 19403 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 19404 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:15 | भुज | 19:35 | --- |
| 11:45 | --- | दिल्ली जं. | --- | 16:40 |

चलने के दिन: 19403 भुज से प्रतिदिन दिनांक 23.05.2026 से और 19404 दिल्ली जं. से प्रतिदिन दिनांक 24.05.2026 से।

स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : अंजार, गांधीधाम, भचाऊ, भीलड़ी, धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, पाली मारवाड़, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

1732/26

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**देर रात बिहार से लौटा, पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी**

## ठेकेदार की गोली मारकर हत्या, राख पैकिंग गोदाम में सो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डबुआ थाना क्षेत्र स्थित गाजीपुर इलाके में देर रात एक राख पैकिंग गोदाम में सो रहे युवक की अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 31 वर्षीय योगेश कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और गोदाम में ठेकेदारी का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार घटना की सूचना सुबह करीब 5.30 बजे डबुआ थाना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संगम दहिया



अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस जांच में सामने आया कि योगेश कुमार गुरुवार देर रात करीब 11 बजे बिहार से कुछ मजदूरों को लेकर गोदाम पर पहुंचा था। मजदूरों के साथ खाना खाने के बाद सभी लोग रात करीब 1 बजे अलग-अलग स्थानों पर सो गए थे। योगेश गोदाम परिसर में खाट पर सो रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार रात करीब 2 से 3 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने योगेश के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोदाम में मौजूद अन्य मजदूरों ने पुलिस को बताया कि रात में उन्हें पटाखा चलने जैसी आवाज सुनाई दी थी, लेकिन उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया। सुबह जब मजदूर उठे तो उन्होंने योगेश को खाट पर खून से लथपथ हालत में पड़ा देखाए जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। डबुआ थाना प्रभारी संगम दहिया ने बताया कि गोदाम में करीब 15 से 25 मजदूर रहते हैं और सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि देर रात गोदाम में कौन आया था और हत्या के पीछे क्या कारण हो सकता है।

**मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू**

## अरावली वन क्षेत्र में कचरे की आग, अनदेखी से बढ़ा खतरा

**फरीदाबाद ।** अरावली वन क्षेत्र में होटल और कंपनियों की ओर से कचरा फेंकने तथा उसमें आग लगाने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को वन क्षेत्र में डिलाइट फॉरएवर के समीप कचरे में आग लगा दी गई। वाहन चालकों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर फायर बिग्रेड के कर्मचारी पहुंचे और करीब 25 मिनट में आग पर काबू पाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि अरावली वन क्षेत्र से लगते हुए सैकड़ों फार्म हाउस और मैरिज गार्डन बने हुए हैं। कुछ मैरिज गार्डन और फार्म हाउस संचालक यहां से निकलने वाला कचरा प्रतिदिन वन क्षेत्र में डंप करते हैं। महीने से कचरा में आग लगाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, वन विभाग के अधिकारी, पुलिस और नगर निगम की ओर से इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लि., पानीपत | ऑफ सीजन 2026 और पेराई सीजन 2026-27 हेतु 28 एमडब्ल्यू को-जेन. प्लांट के साथ-साथ 5000 टीसीडी चीनी मिल के प्रचालन और रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाने बारे + 34 कार्य। | 21.05.2026 29.05.2026 | रु. 1097.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416281313 panipatsugarmills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/45484/I/88/7 दि. 22.05.26

## खबर संक्षेप

### आईजीआईएमएस में पुलिस ने दो छात्रों को उठाया



**पटना।** राजधानी के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी हंगामा हुआ। इंजीनियर समेत तीन के साथ गुरुवार को हुई मारपीट के मामले में पुलिस बीती आधी रात लगभग 2 बजे दो मेडिकल छात्र शौर्य और सुजीत कुमार को पकड़कर ले गई। इसके विरोध में सभी मेडिकल छात्रों ने बवाल मचा दिया। सुबह में अस्पताल के अंदर थोड़ी देर तक छात्रों ने मरीजों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को बाधित किया।

### टॉवर पर चढ़े युवक की गिरकर मौत



**जौनपुर।** जिले में भूमि की पैमाइश से असंतुष्ट होकर एक युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने उसे समझाया। लेकिन सात घंटे बाद ही वह अफसरों के सामने ही टावर से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।लखनऊ में ज्यादा फीस लेने वाले आठ निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है।

### चतरा से 100 साल पुरानी अष्टधातु की मूर्ति चोरी



**रांची।** चतरा में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से लगभग 100 साल पुरानी अष्टधातु की बहुमूल्य मूर्ति चोरी होने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अष्टधातु की एक मूर्ति में सभी 24 तीर्थंकरों की आकृतियां एक साथ बनी हुई हैं। पुलिस ने मूर्ति बरामद करने के बाद इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई है।

# लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक फ्लाईओवर और 2 अंडरपास, 125.70 करोड़ खर्च, सफर आसान होगा

**हाईवे के किनारे खड़े वाहनों को हटाने की जिम्मेदारी यातायात, परिवहन व पुलिस को दिया गया**

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक फ्लाईओवर और 2 अंडरपास बनने जा रहे हैं। 125.70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कार्य का अनुमोदन हो चुका है, जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी (एनएचएआई) द्वारा जिला प्रशासन की ओर से दिए गए ब्लूप्रिंट को मंजूरी दे दी गई है। बाराबंकी जिले में एक फ्लाईओवर और दो अंडरपास बनाने के लिए 125.70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कार्य का अनुमोदन हो चुका है, जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इसके निर्माण से लोगों का सफर और आसान हो जाएगा।



**शीघ्र कार्य शुरू कराया जाएगा**

एनएचएआई पीडी इंजी. नकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बाराबंकी जिले की सीमा में एक फ्लाईओवर व दो अंडरपास के निर्माण के लिए 125.70 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। कार्य का अनुमोदन हो चुका है।

### ओवरलोडेड वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर

जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पिछले दो सप्ताह से शनिवार व रविवार को सघन जांच का अभियान चलाया गया है। इसमें भारी संख्या में ड्रंक एंड ड्राइव के मामले सामने आए हैं। इसे आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। हाईवे के किनारे वाहन खड़े रहने वाले वाहनों को हटाने की जिम्मेदारी यातायात, परिवहन व पुलिस को दिया गया है। बता दें कि अयोध्या हाईवे के बाराबंकी के हिस्से में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सीएम तक चिंता जता चुके हैं।

### कार, बाइक, ऑटो व छोटे वाहन आसानी से एक से दूसरी दिशा में जा सकेंगे

जिलाधिकारी डीएम ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई ने 125 किमी लंबे मार्ग पर समाधान के लिए 125 करोड़ से ज्यादा खर्च को मंजूरी दी है। इसके तहत सफेदाबाद में हाईवे पर दबाव को कम करने के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाएगा। ऐसे ही दादरा चौराहे पर लाइट व्हीकल अंडर पास का निर्माण कराया जाएगा। इससे यहां के कट के पास बनने वाले इस अंडरपास से कार, बाइक, ऑटो व छोटे वाहन आसानी से एक से दूसरी दिशा में जा सकेंगे। इसी तरह से सफदरगंज जक्शन को अपग्रेड करने का कार्य कराया जाएगा।

**नीट छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म मामले में सियासत**

# पीएम मोदी पर अजय राय की अमर्यादित टिप्पणी पर योगी बोले- 'कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कार'

*यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि उस वीडियो में अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द कहे हैं। भाजपा ने इस वीडियो को सही बताया है और तीखी प्रतिक्रिया दी है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

महोबा जिले में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली नीट की तैयारी कर रही छात्रा से मिलने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महोबा पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीड़िता को वह न्याय दिलाकर रहेंगे। इसके लिए चाहे उन्हें मुख्यमंत्री का घर घेरना पड़े। उन्होंने पीड़िता को 50 लाख रुपए की आर्थिक हायता दिलाने की मांग की है। 16 दिन बाद युवती को पुलिस ने बरामद किया था। बरामद होने के बाद युवती ने आरोपियों पर अपहरण, दुष्कर्म व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप था कि आरोपियों ने उसे बंधक बनाए रखा।

### भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना





अजय राय की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विषय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को प्रकट करती है। पूर्व में कांग्रेस के 'युवराज' भी अपने कुसंस्कार का परिचय दे चुके हैं। कांग्रेस अब हताशा, निराशा, कुंठा और मानसिक दिवालियेपन के शीर्ष स्तर पर पहुंच चुकी है। अब देश वासियों से क्षमा मांगने लायक भी स्थिति उनकी नहीं प्रधानमंत्री के विषय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को प्रकट करती है। यूपी भाजपा ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेसी नस्ल की अशिष्ट फसल, देश के प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना राजनीति नहीं, बल्कि कांग्रेसियों की कुंठा को दर्शाता है। पुरानी कहावत है: पिता पे पूत, नस्ल पे घोड़ा, बहुत नहीं तो थोड़ा-थोड़ा। देश के पीएम के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना राजनीति नहीं, बल्कि कांग्रेसियों की कुंठा को दर्शाता है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "कुछ दिन पहले जब यूपीपीसीसी चीफ अजय राय अस्वस्थ थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी।

### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने बिगड़े बोल को फिर से दोहराते भी हैं

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस नेता अजय राय कार में बैठे हुए हैं। जैसे ही उनकी कार आगे बढ़ती है, तब वे कार के पास खड़े लोगों से प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्द कहते हैं। इतना ही नहीं वे अपने बिगड़े बोल को फिर से दोहराते भी हैं।

**राजस्व मंत्री खुद करेंगे निगरानी**

# बिहार में हर दिन होगी 3 जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा



एजेंसी ▶▶ पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल हर दिन तीन जिलों की समीक्षा करेंगे। शुरुआत 25 मई को होगी और यह कार्यक्रम 11 जून तक चलेगा। मंत्री और विभाग के शीर्ष अधिकारी मुख्यालय में बैठेंगे। जिलाधिकारी सहित विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। यह शाम चार से छह बजे के बीच एक-एक घंटे की तीन पालियों होगी।

### सभी डीएम को समीक्षा बैठक में शामिल होने के निर्देश

शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्वयं समीक्षा बैठक में शामिल हों तथा बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। विभाग ने कहा है कि समीक्षा के समय सभी अधिकारीअद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध रखने होंगे।

### इन बिंदुओं पर होगी समीक्षा

ऑनलाइन दाखिल-खारिज के डिफेक्ट चेक और लंबित मामले, परिमार्जन प्लस के अंतर्गत डिजिटाइज जमाबंदी के शुद्धिकरण और छूटी हुई जमाबंदियों के डिजिटाइजेशन की प्रगति, ई-मापी, अभियान बसेरा और सरकारी भूमि सत्यापन की स्थिति, भी जांची जाएगी।

**भाजपा के 3 एमएलए की ऊर्जा मंत्री से गुहार**

# भीषण गर्मी के बीच लखनऊ में बिजली संकट पर हाहाकार



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भीषण गर्मी के बीच लखनऊ में बिजली संकट पर हाहाकार मचा है। इस संकट को लेकर अब तक बीजेपी के तीन विधायकों ओपी श्रीवास्तव, डॉ. राजेश्वर सिंह और डॉ. नीरज बोरा ने ऊर्जा मंत्री से गुहार चुके हैं। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखकर राजधानी के पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

पत्र में कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार बिजली कटौती से आम नागरिकों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि राजधानी के प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द समाधान सुनिश्चित कराया जाए।

इससे पहले उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा और सरोजिनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी बिजली संकट को लेकर ऊर्जा मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। तीनों विधायकों की ओर से लगातार उठाई जा रही मांगों के बाद अब राजधानी लखनऊ की बिजली व्यवस्था को लेकर विभाग पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है।

**दीपक लोकभवन गए, कुंदन गृह विभाग के सचिव**

# सम्राट चौधरी सरकार ने किया 11 और आईएएस का ट्रांसफर

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक अधिकारियों का फेरबदल हो रहा है। सम्राट सरकार ने शुक्रवार को एक बार फिर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट निकाल दी। इसके तहत 11 आईएएस का तबादला किया गया है। इसमें कुछ विभागों के अपर मुख्य सचिव भी बदले गए हैं। वरीय आईएएस दीपक कुमार को लोकभवन भेज दिया गया है। वहीं, गृह विभाग के एसीएस अरविंद कुमार को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में भेजा गया है। कुंदन कुमार को गृह विभाग का सचिव बनाया गया है।सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को आईएएस अधिकारियों की नई पोस्टिंग की अधिसूचना जारी की। इसके तहत 1992 बैच के आईएएस दीपक कुमार को राज्यपाल का प्रधान सचिव बनाया गया है, उनके पास सामान्य प्रशासन विभाग के महानिदेशक और मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

### अरविंद चौधरी का गृह विभाग से ट्रांसफर

1995 बैच के आईएएस अधिकारी गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी का तबादला कर उन्हें मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग का एसीएस नियुक्त किया गया है। उनके पास बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष और बिहार राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार का ट्रांसफर कर गृह विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

## पेज एक का शेष

### सीबीआई पता ...

साफ हो गया है। राज्य सरकार ने सीबीआई को इस मामले से जुड़े अपराध, साक्ष्य, दुष्प्रेरण और अन्य पहलुओं की जांच की अनुमति भी दे दी है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने ट्विशा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली एम्स के डायरेक्टर को तत्काल एक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह टीम भोपाल एम्स में मृतका का दोबारा पोस्टमार्टम करेगी। ट्विशा के पिता ने याचिका में कहा था कि उनकी बेटी की 12 मई की रात भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। वे पहले हुए पोस्टमार्टम से संतुष्ट नहीं थे। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार को दोबारा पोस्टमार्टम से कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि इसका कारण स्पष्ट होना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि दोबारा पोस्टमार्टम से मौत की असली वजह और तथ्य अधिक स्पष्ट हो सकेंगे। इससे पहले भोपाल जिला एवं सत्र न्यायालय ने परिजनों की दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**पति समर्थ ने हाई कोर्ट से जमानत अर्जी वापस ली थी:** शुक्रवार दोपहर समर्थ सिंह ने वकील ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत की अर्जी वापस ले ली थी। इससे पहले वकील जयदीप कौरव ने बताया था कि समर्थ सरेंडर करना चाहता है। उन्होंने समर्थ के सरेंडर को लेकर कोई स्पष्ट वजह भी नहीं बताई थी। समर्थ सिंह शुक्रवार को अपने साथियों के साथ कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा। इस दौरान मीडिया ने उससे बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन वह पूरी तरह चुप्पी साधे रहा। कोर्ट परिसर में करीब एक घंटे तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही।

**गिरिबाला के वकील केस से हटे :** गिरिबाला सिंह के वकील जॉर्ज कार्लो से जब ट्विशा शर्मा की मौत को लेकर सवाल पूछे गए तो वह नाराज हो गए। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी और सवालों पर आपत्ति जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर बात सार्वजनिक करना जरूरी नहीं होता और जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। जॉर्ज कार्लो बाद में केस से हट गए।

**गिरिबाला के कॉल डिटेल जांच की भी मांग:** परिजनों ने भोपाल जिला अदालत में एक अलग परिवाद भी दायर किया है। इसमें गिरिबाला सिंह की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच कराने और त्विषा की मौत के बाद दो दिनों तक किन-किन नंबरों पर बातचीत हुई, इसकी जानकारी जुटाने की मांग की गई है। ट्विशा के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अंकुर पांडेय ने कहा कि पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करने में दो दिन लगाए, जबकि गिरिबाला सिंह को कुछ ही घंटों में अग्रिम जमानत मिल गई। इसी आधार पर हाईकोर्ट में उनकी जमानत रद्द करने की मांग की गई है।

### भारत ने किया परमाणु ...

काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**1200 किलोमीटर तक करेगी मार:** दरअसल, अग्नि-1 देश की एक कम दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। जिसकी अनुमानित मारक क्षमता करीब 600 से लेकर 1200 किलोमीटर तक है। यह अपने साथ परमाणु आयुध ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। हमलावर स्थिति में यह काफी त्वरित गति के साथ तय किए गए लक्ष्यों पर सटीकता से निशाना लगाकर उन्हें पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर सकती है।

**मिसाइल की विशेषताएं :** अग्नि-1 का विकास और निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी रूप से किया है। जिसमें संगठन की हैदराबाद स्थित एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (एएसएल) की बेहद अहम भूमिका है। मिसाइल का पहला परीक्षण 24 साल पहले 25 जनवरी 2002 को किया गया था। शुरुआती दौर में इससे जुड़ी प्रक्रिया को परियोजना प्रदर्शक के रूप में शुरू किया गया था। लेकिन बाद में मिसाइल की क्षमता के मद्देनजर इसे पूर्ण रूप से सैन्य युद्धक सामग्री की श्रेणी में शामिल किया गया।

**मोबाइल लांचर से परीक्षण संभव :** गौरतलब है कि अग्नि मिसाइल एक सिंगल इंजन और ठोस ईंधन के तहत संचालित होती है। जिसकी कुल लंबाई करीब 15 मीटर और वजन 12 टन है। यह अपने साथ 1 हजार किलोग्राम वजन तक की पारंपरिक और परमाणु हथियार सामग्री को एक साथ ले जाने में सक्षम है। मिसाइल की एक अन्य खास बात यह भी है कि इसे दो तरह के यातायात मार्गों जैसे सड़क और रेल मोबाइल लांचर के माध्यम से कहीं से भी निर्धारित लक्ष्यों पर आसानी से दागा जा सकता है।

### अगले पांच वर्षों में ...

शामिल हैं।

**शांति के प्रयासों का करेंगे समर्थन :** उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत में वैश्विक चिंताओं के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। जिसमें यूक्रेन, पश्चिम-एशिया संघर्ष का मामला शामिल है। दोनों देश संघर्षों की जल्द से जल्द समाप्ति और शांति के लिए जारी तमाम प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। भारत, साइप्रस एक मुद्दे पर भी एकजुट हैं कि तेजी से बढ़ती हुई अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार तत्काल रूप से आवश्यक है। वर्तमान में हम एकजुटता से अपने संबंधों को सहयोग से सह-निर्माण तक, साझेदारी से संयुक्त समृद्धि की ओर लेकर जा रहे हैं।

**आतंकवाद के खिलाफ मजबूत होगा सहयोग :** पीएम ने यह भी कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। पिछले कुछ सालों में भारत, साइप्रस के बीच सैन्य आदान-प्रदान और प्रशिक्षण को लेकर सहयोग बढ़ा है। बैठक में हमने साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ जारी अपने सहयोग को और अधिक मजबूत करने का फैसला लिया है। साथ ही हिंद-प्रशांत ओशियन कदम, भारत-मध्य पूर्व, यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी महत्वपूर्ण पहल के जरिए कनेक्टिविटी को बनाए रखने के लिए भी साथ मिलकर काम करने का निर्णय किया गया है।

**शिपिंग, समुद्री क्षेत्रों में बढ़ेगा निवेश :** उन्होंने कहा कि अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने के निर्णय से दोनों देश लाभान्वित होंगे। जैसे भारत की कंपनियों को साइप्रस के इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। जिसकी मदद से देश के तेजी से बढ़ रहे जहाजरानी और समुद्री क्षेत्रों में नया निवेश आएगा। इतना ही नहीं यह सामरिक साझेदारी दोनों के वित्तीय और सेवा क्षेत्रों के हब को जोड़कर व्यापार के लिए पूंजी का प्रवाह (कैपिटल अन्लॉक) बढ़ाएगी। भारत, साइप्रस के साथ मिलकर गिफ्ट सिटी को एक वैश्विक-वित्तीय और सेवाओं का हब बनाने के विजन को गति देंगे। नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच संपर्क बनाएंगे।

**संबंधों का नया स्वर्णिम युग :** प्रधानमंत्री ने भारत और साइप्रस की मित्रता को मजबूत और भविष्य पर केंद्रित बताया। साथ ही कहा कि अब हमारे संबंध एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं। तब साइप्रस न केवल यूरोपीय संघ-परिषद की अध्यक्षता कर रहा है। बल्कि भारत और समूचे यूरोप के मध्य एक अहम निवेश के प्रवेश द्वार के रूप में भी उभर रहा है। साइप्रस में रह रहे भारतीय पेशेवर और छात्र हमारे आम लोगों के बीच संबंधों को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। इन संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए हमने जल्द ही एक व्यापक प्रवासन-मोबिलिटी साझेदारी और सामाजिक सुरक्षा समझौता करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने संस्कृति, शिक्षा पर भी समझौते किए हैं, जिससे हमारे सांस्कृतिक तथा शोध संबंधी सहयोग और अधिक प्रगाढ़ होगा। पीएम ने 2025 में की गई अपनी साइप्रस यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरान राष्ट्रपति निकोस ने मुझे अपने देश के विशेष सम्मान से सम्मानित किया था।

### रक्षा सहयोग के लिए ...

समुद्री यातायात की अहम भूमिका है।

-नई दिल्ली ने भारत हेल्थ इनिशिएटिव फार सहयोग हित एंड मैत्री (भीष्म) क्यूब साइप्रस को उपहार स्वरूप देने का ऐलान किया है।

-मुंबई में साइप्रस का ट्रेड सेंटर खोला जाएगा।

-दोनों देशों ने पहली बार 18 मई को अपना अंतरिक्ष दिवस मनाया।

### 1 जून को ....

होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 11 जून तय की गई है। आयोग के मुताबिक मतदान 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू कर दी जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 20 जून 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। गौर हो कि राज्यसभा सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष प्रणाली से होता है। इसमें संबंधित राज्य की विधानसभा के निर्वाचित विधायक मतदान करते हैं। चुनाव 'सिंगल ट्रांसफरेबल वोट' और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत कराया जाता है, जिसमें विधायक उम्मीदवारों को प्राथमिकता क्रम में वोट देते हैं।

### अगले सप्ताह ...

और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी शिष्टाचार मुलाकात कर सकते हैं।

**जापान, अमेरिका ने की घोषणा:** जापान के विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने के लिए अगले सप्ताह सोमवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। अमेरिका की तरफ से पहले ही विदेश मंत्री मार्को रुबियो की नई दिल्ली की यात्रा के बारे में जानकारी दी जा चुकी है। जिसमें कहा गया है कि वह स्वीडन के बाद शनिवार 23 मई से क्वाड की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की चार दिवसीय भारत यात्रा करेंगे।

**ट्रंप ने लगाया सवालिया निशान :** गौरतलब है कि भारत के पास इस वर्ष क्वाड की अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। जिसके तहत वह समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। अगर विदेश मंत्रियों की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न होती है, तो इस बात की बहुत संभावना है कि 2026 के अंत में क्वाड का शिखर सम्मेलन भी भारत में हो सकता है। जिसमें तीनों भागीदार देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो सकते हैं। वहीं, इन सबके बीच क्वाड विदेश मंत्रियों की यह बैठक एक ऐसे समय पर हो रही है। जब हालिया वक्त में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्वाड पर गंभीर सवालिया निशान लगाए थे।

**यूं क्वाड का बड़ा आलोचक चीन :** क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक रणनीतिक मंच है। जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक खुले हुए, स्वतंत्र, नियम आधारित और समावेशी नौवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। साथ ही यह क्षेत्र में आक्रामकता के साथ बनी हुई चीन की विस्तारवादी नीतियों को संतुलित करना, क्षेत्रीय स्थिरता को बनाए रखना और तकनीकी सहयोग, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सहयोग को मजबूती प्रदान करना है। दुनिया में चीन क्वाड का सबसे बड़ा और मुखर आलोचक देश है। उसका कहना है कि अमेरिका इसकी मदद से हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यकरण करने की कोशिश कर रहा है। जिसके विरोध में वह हमेशा खड़ा रहेगा। इसके अलावा वह इसे एशियाई नाटो भी कहता है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ...

जीवंत और सफल मॉडल किसी राज्य में दिखाई देता है, तो वह हरियाणा है, जहां जापानी निवेश, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग ने विकास को नई गति दी है।

सैनी ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज हरियाणा भारत में जापानी उद्योगों का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। प्रदेश में लगभग 394 जापानी उद्योग तथा 600 से अधिक जापानी व्यावसायिक प्रतिष्ठान कार्यरत हैं। इतना ही नहीं, भारत-जापान की यह साझेदारी लगातार और अधिक मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष अक्टूबर में अपनी जापान यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान जापानी कंपनियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। यात्रा के दौरान जापान की 9 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हरियाणा में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश का भरोसा जताया। यही विश्वास हरियाणा को जापानी कंपनियों के लिए होम अवे फ्रॉम होम बना रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वास केवल बिजनेस-टु-बिजनेस या गवर्नमेंट-टु-गवर्नमेंट संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि हम एच 2एच यानी 'हार्ट टू हार्ट' रिश्तों को अधिक महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के बीच विश्वास आधारित साझेदारी है जोकि विश्वास, अनुशासन, सौहार्द व परंपरा के प्रति सम्मान, उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साझा मूल्यों पर आधारित थे। आज की दुनिया विश्वास आधारित साझेदारी ही सबसे महत्वपूर्ण होंगी।

### नमाज नहीं, पहली....

कारसेवकों के परिजनों का सम्मान किया। भोजशाला में सिर्फ जय सियाराम की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही हिंदू श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हाईकोर्ट के फैसले बाद भोजशाला परिसर स्थित मस्जिद में नमाज की अनुमति नहीं है। बीते शुक्रवार को फैसले से पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की थी। इस फैसले के विरोध में मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर अन्य स्थान पर नमाज अदा की और अपनी दुकानें बंद रखीं। शहर काजी वकार सादिक और अब्दुल समद ने शांति की अपील करते हुए कहा कि वे न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और यह लड़ाई कानूनी दायरे में लड़ी जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका भी दायर की है। सुरक्षा के मद्देनजर धार में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहे।

# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल



**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।

लाइफ Style

# रिद्धि फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें



अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

## हॉलीवुड मसाला

# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...



**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों



के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।

# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

# जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को दें प्रोत्साहन, दंतेवाड़ा भेजें अध्ययन दलः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में भी जनजातीय कृषकों द्वारा जैविक खेती की जा रही है। इसका अध्ययन करने के लिए मध्यप्रदेश से दल भेजा जाए। डॉ. यादव ने गुरूवार को जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही।

बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह और मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों, आश्रम और छात्रावासों में शिक्षा और रहन सहन की गुणवत्ता बेहतर करें। जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाज सेवी संगठनों का भी सहयोग लें। जनजातीय क्षेत्र में शासन के विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करें।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा**

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने कहा, छात्रावासों में शैक्षणिक एवं आवासीय प्रबंधन करें बेहतर
- जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाज सेवी संगठनों का भी सहयोग लें



### सर्वश्रेष्ठ 10 जिलों में से 7 जनजातीय जिले शामिल

बैठक में बताया गया है कि हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम 2026 में सर्वश्रेष्ठ 10 ज़िलों में से 7 जनजातीय जिले शामिल हैं। दिसम्बर 2023 से अब तक जनजातीय वर्ग के कक्षा 9 एवं 10 के कुल 3 लाख 65 हजार विद्यार्थियों को 137 करोड़ 52 लाख रुपए की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है। इसी अवधि में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 4 लाख 28 हजार विद्यार्थियों को 673 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि भुगतान की गई है। विभाग द्वारा 2671 छात्रावास और आश्रम शालाओं का संचालन किया जा रहा है।

### पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज में पशुपालन को बढ़ावा दें और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में इनका सहयोग ले। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया और सहारिया के समग्र विकास के लिए सतत कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह 15 सौ रुपए की राशि शासन की आहार अनुदान योजना में प्रदान की जा रही है। दिसम्बर 2023 से अभी तक में 2 लाख 37 हजार 550 महिलाओं को कुल 432 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं।

### मुख्समंत्री डॉ. मोहन ने प्रदेश के सबसे ज्यादा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कराए जाने के दिए निर्देश

# मध्यप्रदेश में जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना... 30 मिनट में मौके पर पहुंचेगी एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आम नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को योजना शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुगम और सुलभ परिवहन व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है और यह केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास की जीवन रेखा भी है।

बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सीमाओं पर स्थित परिवहन चौकियों और टोल नाकों को आधुनिक और सुविधा संपन्न बनाया जाए। इसके लिए सभी परिवहन चौकियों को इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़ने के प्रयास तेज किए जाएं ताकि वाहनों की निगरानी और जांच अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सबसे ज्यादा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कराई जाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की बात कहते हुए कहा कि दुर्घटना की स्थिति में 30 मिनट से कम समय में निकटतम एम्बुलेंस मौके पर पहुंचनी चाहिए। इसके लिए ऑटो मोड सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे सबसे नजदीकी एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो सके। मुख्यमंत्री ने "राह-वीर योजना" के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। साथ ही परिवहन विभाग में मानव संसाधन की कमी को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा। इधर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राथमिक कृषि साख समितियों यानी पैक्स में 30 जून तक सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए।



बैठक में चर्चा करते सीएम।

**परिवहन विभाग की हुई समीक्षा बैठक**

### भोपाल और इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र नई सड़कों से होगा समृद्ध : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से निर्मित हो रही सड़कें नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने में सहयोगी हैं। इनसे 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों भोपाल और इंदौर-उज्जैन की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। भविष्य में जबलपुर और ग्वालियर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भी अधोसंरचना विकास के प्रयासों से लाभान्वित होंगे।

इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन, उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन बन जाने से यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नए आयामों को स्पर्श करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिंहस्थ : 2028 के कुछ माह पूर्व ही सड़कों के निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा*



योजनाओं पर चर्चा करते डॉ. मोहन यादव

**दुर्घटना की आशंका वाले मार्गों को चिन्हित कर निकट प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित किए जाए**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण, नवाचारों के उपयोग और विभिन्न विधियों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों में मिली सफलता सराहनीय है। लोक निर्माण विभाग अन्य विभागों के सहयोग से किसान कल्याण वर्ष में गांव से शहरों तक सब्जियां और फल लेकर आने वाले कृषकों को हेलमेट वितरण के कार्य में भी शामिल हो, जिससे सड़कों पर दो पहिया वाहनों की दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। प्रदेश में मूल्यवान जिंदगियां बचाने के लिए लोक निर्माण और अन्य विभाग मिलकर कार्य करें। दुर्घटना की आशंका वाले मार्गों को चिन्हित कर निकट प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित किए जाएं।

## वैश्विक शांति और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण क्षण

**हरिद्वार।** योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के पथ-प्रदर्शक आचार्य बालकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आज एक और प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। मुंबई में आयोजित वैश्विक "बिलियनेयर्स फॉर पीस कॉन्क्लेव 2026" में "मैं शांतिदूत हूँ - चैंपियन हेल्थ अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व शांति, मानवता, स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।आचार्य बालकृष्ण को यह सम्मान ऐसे समय में प्राप्त हुआ है जब आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिल रही है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक स्वस्थ मानव ही शांतिपूर्ण समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानवता को संतुलित, निरोग और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान करने वाला विज्ञान है। भारत सदैव "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना का प्रतिनिधित्व करता आया है और आज पूरी दुनिया शांति, सहअस्तित्व और समग्र स्वास्थ्य के लिए भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है। आज विश्व जिस मानसिक तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है, उसका समाधान प्रकृति और भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है। योग और आयुर्वेद विश्व को केवल रोगमुक्त ही नहीं, बल्कि तनावमुक्त और संघर्षमुक्त जीवन की दिशा भी प्रदान करते हैं।आगे उन्होंने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आयुर्वेद और उन करोड़ों लोगों का सम्मान है जिन्होंने प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाकर स्वस्थ शरीर, स्वस्थ व्यक्तित्त्व, स्वस्थ समाज की नींव रखी और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाया है। आचार्य बालकृष्ण ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता, प्राकृतिक चिकित्सा और मानव कल्याण के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। उनके प्रयासों ने भारतीय आयुर्वेद को विश्व मंच पर नई प्रतिष्ठा दिलाई है और करोड़ों लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है।यह प्रतिष्ठित आयोजन " मैं शांतिदूत हूँ" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विश्वभर में शांति, न्याय, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है।



### काटजू अस्पताल में खुशी की तिहरी सौगात

## महिला ने एक साथ 3 बेटों को दिया जन्म



**जच्चा-बच्चा स्वस्थ, डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक कराई ट्रिपलेट्स की डिलीवरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित डॉ कैलाशनाथ काटजू मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान (काटजू अस्पताल) में एक महिला ने एक साथ तीन स्वस्थ बेटों को जन्म दिया। जिससे उसके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। काटजू अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ रचना दुबे ने बताया कि अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक ट्रिपलेट्स (तीन बच्चों) की डिलीवरी कराई। मां और तीनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। महिला की डिलीवरी आपरेशन (एलएससीएस) के माध्यम से की गई। यह जटिल प्रक्रिया विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में पूरी की गई। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि तीनों बच्चों का स्वास्थ्य सामान्य है और मां की स्थिति भी स्थिर बनी हुई है। सफल आपरेशन के बाद अस्पताल स्टाफ और परिजनों में खुशी का माहौल है। चिकित्सकों ने इसे टीमवर्क और समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा का परिणाम बताया। आपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. राकेश जैन और डा. ऋतुराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए शिशु रोग विशेषज्ञ डा. आरती जैन और डा. सौरभ जैन मौजूद रहे। वहीं पूरी प्रसूति प्रक्रिया स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. ज्योति खरे की देखरेख में संपन्न हुई।

### गांजा तस्कर रवि साहू और उसके परिवार की 7.66 करोड़ की अवैध संपत्ति सीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा तस्कर और हिस्ट्रीशीटर रवि साहू और उसके परिवार की करीब 7.66 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को सीज कर दिया है। इस कार्रवाई में सक्षम प्राधिकारी, मुंबई ने फ्रीजिंग आदेश को कंफर्म कर दिया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मप्र राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन

**हर तीन माह में होगी बोर्ड की बैठक**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। यह भारत सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया है। इससे व्यापारी समुदाय के कल्याण के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहतर वातावरण निर्मित करने और प्रदेश के निर्यात को बढावा मिल सकेगा। मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन, भोपाल के प्रबंध संचालक को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

अध्यक्ष की अनमुति से मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकेगा। जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) के गठन एवं कार्य क्षेत्र का निर्धारण सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तावित कर समन्वय में अनुमोदन के बाद किया जाएगा। बोर्ड की बैठक कैलेंडर वर्ष में 4 बार अर्थात 3 माह में एक बार आयोजित की जाएगी।

### शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने दिए निर्देश

## शुल्क की जानकारी अपलोड करने की निजी स्कूलों की मियाद खत्म, अब लगेगा पांच गुना अर्थदंड

- फीस सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड के लिए विभाग ने 20 मई तक का दिया था समय
- प्रदेश के मात्र 10 हजार 553 स्कूलों ने दी जानकारी, अब भी 24 हजार 728 की मनमानी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2026-2027 के लिए शुल्क सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश निजी स्कूलों को दिए गए हैं। परंतु निजी स्कूलों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। नतीजन प्रदेश में 35 हजार 281 निजी स्कूल में से अब तक मात्र 10 हजार 553 निजी स्कूलों की ओर से जानकारी पोर्टल पर अपलोड की गई है। इसके लिए विभाग की ओर से स्कूलों को 20 मई तक का समय दिया गया था, जो अब खत्म हो गया है। अब निजी स्कूलों पर पांच गुना अर्थदंड लगाने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

**यह हैं आदेश**

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 28 अप्रैल को स्कूलों की शुल्क सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि 30 अप्रैल 2026 में बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 20 मई 2026 निर्धारित किया था। निर्धारित तिथि के बाद भी जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों पर फीस प्रक्रिया के साथ-साथ प्रक्रिया फीस का पांच गुना राशि विलंब के लिए अर्थदंड के रूप में वसूले जाने के निर्देश भी दिए गए थे।

**पालक महासंघ ने कहा**

**कार्यवाही में देरी का फायदा निजी स्कूलों को हो रहा**

पालक महासंघ मप्र के महासचिव प्रबोध पंड्या ने बताया कि प्रदेशभर में कुल 35 हजार 281 निजी स्कूल में से अब तक मात्र 10, 553 निजी स्कूलों की ओर से शुल्क सिर्फ शुल्क की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की गई है, जबकि स्कूलों को शुल्क सहित संबंधित लेखा-जोखा भी पोर्टल पर अपलोड करना है। अभी भी 24,728 निजी स्कूलों द्वारा जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है। जबकि 20 मई को अंतिम तिथि निकल चुकी है, जिससे पहले भी कई बार बढ़ाया गया है। विभाग द्वारा आदेश तो जारी किए जा रहे हैं, लेकिन स्कूलों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## जानलेवा खुली खदानों पर नहीं हुई तार फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बंद और चल रही खदानों पर पिछले पांच सालों से चल रही तार फेंसिंग की कवायद अब तक पूरी नहीं हुई है। इसी का नतीजा है कि खुली खदानों में डूबने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। खनिज विभाग के प्रभारी और एडीएम सुमित पांडे का कहना है कि बंद और चल रही खदानों के आसपास तार फेंसिंग कराई जाएगी। बारिश के दौरान इन खदानों में अधिक पानी भरने से यह लबालब हो जाएंगी। आने वाले समय में यह खुली खदानें खतरनाक साबित होंगी। रातीबड़, नीलबड़, सिकंदराबाद, ईंटखेड़ी छाप, अचारपुरा, मस्तीपुरा, परवलिया, अरवलिया, बीनापुर, अरेहड़ी, ओंकारा सेवनियां, सूखी सेवनियां, बालमपुर, मेंडोरा, मेंडोरी सहित आसपास के क्षेत्रों में 70 से अधिक खदानें हैं।

### आसपास बढ़ रही आबादी

यह खदानें खतरनाक साबित हो रही हैं, दरअसल इनके आसपास तेजी से रहवासी क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। बावजूद इसके खनिज विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत का कहना है कि जिले में सभी खदान संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे यहां पर तार फेंसिंग और सूचना के बोर्ड लगाए जा सकें।

### बिलासपुर में भूजल स्तर गिरने से नगर निगम सख्त

## वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराने वाले भवनों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गर्मी का पारा चढ़ते ही शहर के कई क्षेत्रों में भूजल स्तर तेजी से नीचे गिरने लगा है। शहर के कई इलाकों में बोरवेल सूखने और पेयजल संकट की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर नगर निगम ने जल संरक्षण के लिए कमर कस ली है। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि शहर में जल संकट से निपटने का एकमात्र स्थाई समाधान रेन वाटर हार्वेस्टिंग है और इसे लेकर अब किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी।

निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में 1500 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल पर बनने वाले सभी नए मकानों और व्यावसायिक परिसरों के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। इसके लिए सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित कर चुके है कि जो लोग नक्शा पास कराते समय वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर अमानत राशि जमा करते हैं, लेकिन बाद में सिस्टम नहीं बनवाते, उनकी राशि राजसात कर ली जाएगी। इसके अलावा, बार-बार नोटिस देने के बाद भी नियम का पालन न करने वाले बड़े कमर्शियल काम्प्लेक्स और आवासीय कॉलोनियों के पानी के कनेक्शन काटने की तैयारी भी की जा रही है।



### इस वजह से इन क्षेत्रों में घट रहा भूजल स्तर

निगम से मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा के साथ मंगला क्षेत्र में तेजी से वाटर लेवल गिरता ही जा रहा है। इसकी मुख्य वजह क्षेत्र में लगातार बोरवेल की संख्या बढ़ने के साथ की कंक्रीटीकरण बन रहा है। इसी तरह व्यापार विहार और तिफरा क्षेत्र में औद्योगिक व व्यावसायिक दबाव के साथ ही रूफ-टाप हार्वेस्टिंग की कमी होने से वाटर लेवल गिर रहा है।

**भविष्य के लिए लाखों लीटर अनमोल पानी बचाया जा सकता है**

जून महीने में मानसून की दस्तक से पहले मई का यह समय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने या पुराने सिस्टम की सफाई के लिए सबसे उपयुक्त है। एक सामान्य घर में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का खर्च बेहद कम आता है, लेकिन इससे भविष्य के लिए लाखों लीटर अनमोल पानी बचाया जा सकता है। निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पानी की बर्बादी रोकें, छतों के पानी को ज़मीन के भीतर भेजने का इंतज़ाम करें और बिलासपुर को एक जल-सुरक्षित शहर बनाने में अपना योगदान दें।

### बड़े भवनों की जांच की जाएगी

शहर के बड़े भवनों की जांच की जाएगी। इसमे निगम की टीम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेंगे।यदि इस दौरान भवनों में सिस्टम नहीं मिला या फिर सिस्टम काम नहीं कर रहा होगा तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई गई है। आने वाले दिनों में निगम की टीम जांच के लिए निकलेगी।

### इसलिए जरुरी है वाटर हार्वेस्टिंग

पिछले कुछ वर्षों में बिलासपुर का कंक्रीट का दायरा तेजी से बढ़ा है। अरपा नदी के तटीय क्षेत्रों में भी पक्के निर्माण होने के कारण बारिश का पानी ज़मीन के अंदर नहीं जा पाता और नालियों के ज़रिए बहकर बर्बाद हो जाता है। ऐसे में बारिश के समय में भू-जल रिचार्ज नहीं हो पा रहा है, धीरे-धीरे वाटर लेवल घटते ही जा रहा है।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि., रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार का उपक्रम, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. टी26पी750009 : ए–4, शामनाथ मार्ग, डीटीएल में स्थित आवासीय फ्लैट की मरम्मत और पुनरोद्धार।**

निविदा के सम्पूर्ण विवरण हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :

**https://govtprocurement.delhi.gov.in (Tender ID No. 2026_DTL_291771_1)** और **www.dtl.gov.in** सहित **Unique No. DTL-0016-210526.**

बोली जमा हेतु अन्तिम तिथि : 16.06.2026 को अप. 01:00 **बजे**

इस ई–निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरणों इत्यादि को केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 356(2)(i) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि अभियुक्त **राजेश शर्मा** पुत्र श्री जुगेश्वर शर्मा, निवासी: मकान नं- C-372, गली नं-6. मेडिकल स्टोर वाली गली, (नेशनल मेडिकल स्टोर) प्रताप नगर, सबोली, हर्ष विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 536/2024, दिनांक 29/09/2024, धारा 65(1)/75/208 भारतीय न्याय संहिता और धारा 4/8/12 पोक्सो एक्ट, थाना-हर्ष विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है)।अभियुक्त **राजेश शर्मा** को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले में उसे माननीय न्यायालय द्वारा पहले ही उद्घोषित अपराधी घोषित किया जा चुका है और उसके विरुद्ध धारा 356 (2) (i) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।अतः उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **राजेश शर्मा** इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिन के भीतर इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर उक्त परिवाद का उत्तर दे।यदि आरोपी निर्धारित अवधि में उपस्थित नहीं होता है, तो धारा 356 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत उसकी अनुपस्थिति में ही मुकदमे की अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी।अभियुक्त **राजेश शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए अगली तारीख **03.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः डॉ. हिमांशु रमन सिंह**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो अधिनियम),**
**जिला शाहदरा, कोर्ट न-79, छठा तल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट , दिल्ली**

DP/6554/NE/2026

## चिंतन

# जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता जरूरी

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक सूरज आग उगल रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 22 शहर शामिल हो गए हैं और कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरण और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी है। आने वाले तीन दिन तक राहत की उम्मीद नहीं है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हमारे शहर रेगिस्तानी देशों से भी ज्यादा गर्म हो गए रहे हैं। इस मौसम में तापमान का बढ़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, लेकिन यह जिस गति से बढ़ रहा है और जिस तरह से प्रभावित कर रहा है, वह परेशान करने वाला है। पहले भीषण गर्मी यानी मौसम में लू की आवर्ति दो बार ही होती थी, अब चार बार हो रही है। इस बार मानसून भी कमजोर रहने के संकेत हैं। प्रशांत महासागर के ऊपर बन रहा अलनीनो इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार तो यहां तक भी घोषणा की जा रही है कि 1888 जैसा भयंकर सूखा पड़ सकता है। हालांकि उस समय की तुलना में आज हम बेहतर रूप से तैयार हैं। हमारे पास खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। इसलिए ऐसी स्थिति तो नहीं है कि लोगों को जान गंवानी पड़े, लेकिन देश का औद्योगिक विकास और उत्पादन ठप हो सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अब केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहना इस बात का संकेत है कि धरती की प्राकृतिक संतुलन व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है। जब रात में भी शरीर और वातावरण को ठंडक नहीं मिलती, तब हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने कुछ राहत भरे कदम उठाए हैं। बिहार में छोटे बच्चों के स्कूल बंद किए गए हैं और पंजाब ने स्कूलों व सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। दरअसल, भीषण गर्मी का सबसे बड़ा कारण लगातार घटते जंगल, कंक्रीट के बढ़ते शहर, जलस्रोतों का अतिक्रमण और प्रदूषण हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ संतुलन खो दिया है। शहरों में पेड़ों की जगह सीमेंट ने ले ली और तालाबों की जगह इमारतें आ गईं। नतीजा यह है कि धरती की सतह अधिक गर्मी सोख रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के साथ-साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। पीने, नहाने और घरेलू उपयोग में पानी की मांग बढ़ती है, जबकि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पानी बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। घरों में वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित उपयोग और रिसाव रोकने जैसे छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन कई अन्य कारकों को भी जन्म दे रहा है। गर्मी व कम बारिश के बाद भी भीषण सर्दी और अतिवृष्टि भी इसकी जिम्मेदार है। जैसे-जैसे यह संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे बीमारी व खतरा बढ़ेंगे। इसलिए, हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होकर काम किया जाए। सरकारों को भी समय रहते चेत जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से मानव के मस्तिष्क का सवाल है। व्यक्ति को कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन का कारक हो और उन पर जोर देना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। यदि अभी भी चेतने में देर हुई, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी केवल असुविधा नहीं, बल्कि बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकती है।

# भविष्य के लिए भयावह संकेत है बढ़ती गर्मी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे विकासशील देश में 'ग्लोबल वार्मिंग' अब महज विचार गोष्ठियों में शाब्दिक जुगाली का ही मसला नहीं है बल्कि अब यह देश के जनजीवन के साथ ही हमारे अर्थव्यवस्था पर भी अच्छा खासा असर डाल रहा है। देश के अनेक हिस्सों में जेठ की तपिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है जिसका समापन 2 जून को होगा। नौतपा का धार्मिक के साथ ही वैज्ञानिक आधार भी है इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है फलस्वरूप सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं। माना जाता है कि इन नौ दिनों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नौ दिनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी से निम्न दाब का क्षेत्र बनता है जो चक्रवाती प्रक्रिया से समुद्र से नमी लेकर मजबूत मानसून और बारिश की संभावना बनाता है। इस दौरान तेज धूप से मिट्टी में मौजूद खरपतवार और फसल के लिए नुकसानदायक कीट इत्यादि को खत्म करता है वहीं मिट्टी भुरभुरी और उपजाऊ बनती है।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित 11 राज्यों में हीटवेव चलने की संभावना है लिहाजा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण साल 2026 में देश का आर्थिक विकास लड़खड़ा सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक देश के अनेक इलाकों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है फलस्वरूप कृषि उत्पादकता और श्रम उत्पादकता में असर पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। 'दुबले पर दो अषाढ़' की कहावत चरितार्थ एक तरफ देश और दुनिया पश्चिम एशिया युद्ध के चलते ऊर्जा संकट और जरूरी जिंसों के किल्लत तथा महंगाई से जूझ रहा है वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी ने इस मुसीबत को और भी बढ़ा दिया है। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक देश में तापमान का यदि यही हालात रहे तो साल 2030 तो जीडीपी में 2.5 फीसदी से 4.5 फीसदी नुकसान होने की संभावना है वहीं 3.4 करोड़ लोगों की नौकरियों पर भी खतरे का अंदेशा है। भारत में भीषण गर्मी जनस्वास्थ्य के साथ - साथ देश के आर्थिक सेहत पर भी असर डाल रहा है।

गौरतलब है कि भारत में साल दर साल गर्मी नया रिकॉर्ड बना रहा है तथा अनेक राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है। राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली जैसे इलाकों में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शहरों से लेकर गांवों में गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ रही है फलस्वरूप ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली कटौती करनी पड़ रही है जिसका असर औद्योगिक उत्पादन में पड़ रहा है। ' द लैंसेट ' के एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1990-99 की तुलना में 2025 में 124 फीसदी अधिक घंटों का नुकसान हुआ है। काम करने के घंटों में नुकसान की वजह से जहां योजनाओं की लागत में बढ़ोतरी होती है वहीं कार्य पूर्णता अवधि भी प्रभावित होती है।

बीते कई सालों में यह पहला मौका है जब प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि आगे क्या होगा? इस साल गर्मियों की शुरुआत में ही बढ़ते तापमान ने जनजीवन पर व्यापक असर डाला है फलस्वरूप स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां तय समय से पहले घोषित कर दिया गया। गर्मी ने इस बार पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में अपना रौद्र रूप दिखाया है जो निश्चित तौर पर एक चेतावनी है।

बहरहाल भीषण गर्मी और लू के हालात को देखते हुए मौसम विभाग सहित अनेक राज्य सरकारों ने नागरिकों के लिए चेतावनी और सावधानी एलर्ट भी जारी किया है। गर्मियों में केवल लू ही सेहत के लिए संकट नहीं है बल्कि इस मौसम में पाचन तंत्र से संबंधित आंत्रशोथ, पीलिया, टायफाइड और मलेरिया से पीड़ित रोगियों की संख्या में इजाफा हो जाता है। गर्मी और लू के कारण सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के मद्देनजर बचाव के लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है।

अलबत्ता लू के शुरुआती लक्षण मिलने पर व्यक्ति को तुरंत ठंडे और हवादार कमरे में ले जाकर जीवन रक्षक या नमक - चीनी का घोल पिलाना चाहिए तथा पूरे शरीर में गीले कपड़े की पट्टी करना चाहिए अथवा ठंडे पानी से स्नान करवा कर तत्काल चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति खाली पेट न रहे इसके अलावा ठंडी जगह या छांव से तुरंत तेज धूप में न निकलें।व्यक्ति जब भी धूप में निकलें सूती कपड़े, टोपी, स्कार्फ और धूप के चश्मे का प्रयोग करें तथा बार बार शिकंजी, पानी और छाछ का सेवन करते रहें इस सतर्कता से बहुत हद तक लू से बचाव और मौत से सुरक्षा संभव है।



विचारणीय है कि भारत के शहर ही नहीं बल्कि कस्बों और गांवों में भी तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। देश के शहर हीट आइलैंड बनने लगे हैं जहां दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म हैं।भीषण गर्मी के चलते अधिकांश शहर पेयजल और बिजली के संकट से जूझ रहे है।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान 'आईआईटी' भुवनेश्वर ने देश के 140 शहरों में किए गए अपने अध्ययन में इन शहरों में 60 फीसदी बढ़ती गर्मी के लिए शहरीकरण, हरित क्षेत्र का घटना, पेड़ और जलस्त्रोतों का बड़ी तेजी से खत्म होना और बढ़ते कांक्रीटीकरण जैसे कारणों को जिम्मेदार माना है। इस अध्ययन में महानगरों सहित बड़े और मझोले शहरों को शामिल किया गया था। महानगरों और शहरों में बढ़ते मानव बसाहट के चलते हरित क्षेत्रों और नदियों व तालाबों को पाटकर वहां गगनचुंबी कांक्रीट के इमारतें, सड़कें और चौपाटी बनाई जा रही हैं जहां एयरकंडीशनर्स और रेफ्रिजरेटर्स का बहुतायत उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा बढ़ते तापमान के लिए औद्योगिकीकरण,बढ़ती जनसंख्या, जंगलों का विनाश, पर्यावरण प्रदूषण, वाहनों का अंधाधुंध प्रयोग, एयरकंडीशनर का बेतहाशा उपयोग, जलस्त्रोतों का घटना, जंगलों और नदियों में बेतहाशा खनन, कोयला आधारित बिजली घरों और उद्योगों का निर्माण सहित पहाड़ों और नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर विकास योजनाओं को लागू करना जैसे कारण जवाबदेह हैं।

पृथ्वी के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते प्राकृतिक आपदाएं भी आ रही है जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है साल 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ की त्रासदी आज भी लोगों के जेहन में जिसमें लाखों लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों गांव तबाह हुए थे। इसके बाद अमूमन हर साल उत्तराखंड सहित अनेक पर्वतीय राज्यों में आपदाएं जारी है जिसके लिए मुख्य वजह इन इलाकों में बढ़ता तापमान है। हिमालय क्षेत्र में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं फलस्वरूप जलतांडव हो रहा है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में भूकंप, अतिवृष्टि, बाढ़, बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही है।

तपती गर्मी के परिप्रेक्ष्य में मानवीय पहलुओं पर भी विचार आवश्यक है देश में एक वर्ग ऐसा है जो अपने घरों या दफ्तरों में कूलर या एसी की ठंडक में तपती गर्मी का मुकाबला कर लेते हैं लेकिन बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जिनका जीवन यापन दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। चिलचिलाती धूप में सड़कों पर भारी सामान ढोते या इमारतों को आकार देते मज़दूरों की बेबसी दिल में टीस पैदा करती है। सबसे करूण दृश्य यह कि लू के थपेड़ो के बीच महिला श्रमिक अपने दुधमुंहे बच्चे को आंचल में लपेटे सिर पर बोझ ढोए नजर आती है।

अलबत्ता आज की बढ़ती गर्मी हमें भविष्य की भयावहता की ओर इशारा कर रही है लिहाजा सरकार और समाज की अभी ही सचेत होने की जरूरत है। भारत में 2016 में 130 शहरों के लिए 'हीट एक्शन प्लान ' लागू किया गया था जिसका उद्देश्य लोगों को भीषण गर्मी से बचाना था। यह योजना पहले चरण में दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबादऔर जयपुर सहित 20 शहरों में लागू किया था। विडंबना है कि बीस शहरों में से अकेले अहमदाबाद में ही इस योजना का असर दिखाई देता है बाकी जगह यह फाइलों में कैद है। नागरिक समाज भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महज रस्म अदायगी कर रही है जिसका परिणाम अंततोगत्वा आने वाली पीढ़ी को ही भोगना होगा।

## प्रतीक

डॉ. घनश्याम बादल



# उभरना राजनीति में 'कॉकरोचों' का !

सियासत में समय-समय पर ऐसे प्रतीक उभरते रहे हैं, जो शब्द मात्र नहीं, जनभावनाओं के विस्फोट का माध्यम बने हैं। कभी आम आदमी का पार्टी का गठन भी इसी तरीके से हुआ था, जैसे हाल के दिनों में विभिन्न आभासी मीडिया मंचों पर चर्चित "कॉकरोच जनता पार्टी" बनी है। अभिजीत दीपके द्वारा गठित कॉकरोच जनता पार्टी ऐसा ही एक राजनीतिक-सामाजिक प्रतीक बनकर सामने आई है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसा नाम भले ही व्यंग्यात्मक लगे, किंतु इसके पीछे छिपी बेचैनी, असंतोष और व्यवस्था-विरोधी मनोवृत्ति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह केवल एक डिजिटल मज़ाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का आक्रोश माना जाना चाहिए जो स्वयं को व्यवस्था द्वारा उपेक्षित, अपमानित और अनसुना महसूस कर रही है। इस पूरी कहानी की शुरुआत उस विवादास्पद टिप्पणी से मानी जा रही है, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना "कॉकरोच" से करने वाला विवादित बयान भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत से जुड़ा बताया गया है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक 'फ्री वोलस' यानी तुच्छ समझे जाने वाले प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मौखिक टिप्पणी में कहा गया था कि कुछ बेरोजगार युवा "कॉकरोच की तरह" विभिन्न क्षेत्रों में घुस जाते हैं, जिनमें पत्रकारिता और आरटीआई एक्टिविज़्म का भी उल्लेख किया गया। इस कथन के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे पूरे बेरोजगार वर्ग का अपमान माना। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को "गलत तरीके से पेश" किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय समूची युवा पीढ़ी से नहीं था, बल्कि उन लोगों से था जो "फर्जी और नकली डिग्रियों" के सहारे पेशों में प्रवेश करते हैं। इसी कथित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिरोध के रूप में "कॉकरोच जनता पार्टी" का उदय हुआ।

शुरुआत में इसे केवल एक मीम या इंटरनेट ट्रेंड माना गया, किंतु कुछ ही दिनों में यह डिजिटल आंदोलन का रूप लेने लगा। इतना स्पष्ट है कि युवाओं ने इसे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस घटना को समझें तो आज का युवा पारंपरिक राजनीति से ऊब चुका है। वह लंबी वैचारिक बहसों से अधिक प्रत्यक्ष अनुभवों पर विश्वास करता है। बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, अवसरों की कमी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक व सामाजिक तथा व्यक्तिगत असुरक्षा ने उसके भीतर गहरी निराशा व एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। उसे लगता है कि सत्ता, न्याय व्यवस्था या राजनीतिक दल उसकी पीड़ा को समझने के बजाय उसका उपहास कर रहे हैं, तब व्यंग्य उसका प्रतिरोध का हथियार बन सामने आता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति की उपज है। यह उस पीढ़ी की सोच है जो आज कह रही है कि यदि व्यवस्था हमें "कॉकरोच" समझती है, तो हम उसी शब्द को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल देंगे। पहले राजनीतिक दल ज़मीन से उठते थे, फिर मीडिया तक पहुंचते थे। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहले पहचान बनती है और बाद में वास्तविक राजनीतिक संभावना तैयार होती है। यही कारण है कि "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई और वह वायरल हो गया। हालांकि इस पूरे आंदोलन को लेकर कई प्रश्न भी हैं। क्या यह वास्तविक राजनीतिक संगठन है अथवा केवल डिजिटल असंतोष का बुलबुला मात्र है? क्या इसके पीछे कोई संगठित राजनीतिक रणनीति है? क्या यह किसी दल विशेष के विरोध या समर्थन का अप्रत्यक्ष माध्यम है? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर अभी उपलब्ध नहीं हैं। याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र में व्यंग्य हमेशा जनभावनाओं का संकेतक रहा है। जब जनता सीधे विरोध करने में असहज महसूस करती है, तब हास्य और कटाक्ष उसकी भाषा बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आंदोलनों का उदय लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेत भी है और चेतावनी भी। यदि मुख्यधारा की राजनीति युवा वर्ग की पीड़ा को गंभीरता से नहीं लेगी, तो असंतोष व्यंग्य, कटाक्ष और अराजक डिजिटल अभियानों में परिवर्तित होता जाएगा इसकी प्रबल संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सहनशीलता और आत्मसुधार की क्षमता रही है। इसलिए सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और समाज सभी को इस घटना को केवल हास्य के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान के दस्तावेज़ की तरह पढ़ना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।


## एक गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

- मदन जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### छात्रों का भविष्य



जब मोदी जी इटली में मिठाइयां बांटते हुए रील बना रहे थे, तब भारत में पेपर लीक से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे थे। क्योंकि एनईटी पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ज़हरीली बयानबाज़ी



कांग्रेस की राजनीति अब विचारों से नहीं, बल्कि ज़हरीली बयानबाज़ी से प्रेरित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध घटिया भाषा का प्रयोग करना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने न केवल सत्ता खोई है, बल्कि अपने मूल्य भी खो दिए हैं।

- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री


### महिला सीमा रक्षक



मिशनवंदेमातरम के तहत, बीएसएफ की पहली महिला सीमा रक्षकों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और अटूट संकल्प का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों की आकांक्षाओं से ऊंची कोई चोटी नहीं होती। आप पूरे देश का गौरव हैं।

- नीतीश कुमार, पूर्व सीएम, बिहार

### गैरजिम्मेदाराना बयान




एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संसदीय समिति के समक्ष कहा है कि उन्हें एनईटी परीक्षा में पेपर लीक होने की बात पर विश्वास नहीं है। एक ओर तो एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं एनटीए अध्यक्ष ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

### पाक-चीन संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण, जारी होगा स्मारक सिक्का

पाकिस्तान ने चीन के साथ राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 पाकिस्तानी रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के दो साल से भी कम समय में 1951 में पाकिस्तान और चीन ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान पहला मुस्लिम राष्ट्र था जिसने बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यह स्मारक सिक्का 25 मई से देश भर में स्थित उसके बैंकिंग काउंटरों के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध होगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,



' 'पाकिस्तान और चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पाकिस्तान सरकार ने 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। यह सिक्का 25 मई, 2026 से एसबीपी बैंकिंग के काउंटरों के माध्यम से आम जनता के लिए उपलब्ध होगा।' ' पाकिस्तान और चीन को व्यापक रूप से ' 'सदाबहार सहयोगी' ' के रूप में वर्णित किया जाता है, और दोनों देशों के बीच दशकों से रक्षा, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कूटनीतिक मामलों में घनिष्ठ सहयोग है।

## ऑफ बीट

### सब कुछ कार्बनमुक्त करना असंभव है, लेकिन क्यों

किसी भी सुपरमार्केट में कदम रखते ही आप चारों ओर कार्बन से घिरे होते हैं। यह वह कार्बन नहीं है जिसे जलवायु रिपोर्टों में पीपीएम यानी 'पार्ट्स पर मिलियन' में मापा जाता है, बल्कि यह कार्बन का सबसे ठोस रूप है। शैम्पू की बोतल की पॉलीमर परत, छत की टाइलों के पीछे की इन्सुलेशन, और आपके बैग में प्रयुक्त सिंथेटिक फाइबर... कार्बन ही तो है। ये वस्तुएं जीवश्म ईंधन युग की अनजानी उपज नहीं हैं। ये इसके दूसरे चरण का हिस्सा हैं, जो जलने जितना स्पष्ट नहीं है लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक नेट-जीरो चर्चा लगभग पूरी तरह ऊर्जा तक ही सीमित रही है। यह दृष्टिकोण आवश्यक है, लेकिन इसके पीछे एक मान्यता है, जिसे शायद ही कभी जांचा जाता है: कि जीवाश्म ईंधन से मिलने वाली केवल वही चीज़ महत्वपूर्ण है जो जलने पर ऊर्जा के रूप में निकलती है। वास्तव में, लगभग 15-20 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन कभी जलाया ही नहीं जाता। यह आधुनिक जीवन की भौतिक संरचना में बदल जाता है: प्लास्टिक, पॉलीमर, उर्वरक, चिपकने वाले पदार्थ, सॉल्वेंट और सिंथेटिक वस्त्र। जब ये उत्पाद जलाए, अपघटित किए या त्यागे जाते हैं, तो उनका कार्बन वातावरण में लौटता है, जो वैश्विक गर्मी में योगदान देता है। यह योगदान वास्तविक है, बढ़ रहा है, और अधिकांश मुख्यधारा के नेट-जीरो लेखांकन में लगभग पूरी तरह अनुपस्थित है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु, विकास और पारदर्शी शासन का दिया आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद अधिकारी अपने पहले दिल्ली दौरे पर हैं। पीएम से अपनी पहली आधिकारिक मुलाकात में उन्होंने राज्य के लिए 'दोहरे इंजन' वाले विकास और पारदर्शी शासन के एक नए युग का आश्वासन दिया। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा 'आज नई दिल्ली में हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर मैं सम्मानित और सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद प्रधानमंत्री जी से यह मेरी पहली आधिकारिक मुलाकात है। मैं माननीय प्रधानमंत्री



जी को उनकी शुभकामनाओं और विशेष रूप से हमारे राज्य की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं।'

अधिकारी ने आगे कहा कि हमारी सार्थक चर्चा के दौरान, प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' के अपने दृष्टिकोण पर फिर से बल दिया और दोहराया कि पश्चिम बंगाल का विकास केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी ने आगे आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पश्चिम बंगाल को वर्षों के आर्थिक ठहराव से उबारने और इसे आर्थिक विकास, औद्योगिक पुनरुद्धार और युवा सशक्तिकरण के पथ पर अग्रसर करने के लिए हर संभव सहायता, मार्गदर्शन और केंद्रीय समर्थन का आश्वासन देने के लिए उनका अत्यंत आभारी हूं। केंद्र के आशीर्वाद और जनता के विश्वास के साथ, हम पश्चिम बंगाल के लिए दोहरी गति से विकास, पारदर्शी शासन और समग्र विकास के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।

### सीएम अधिकारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की

प्रधानमंत्री से मुलाकात के अलावा, मुख्यमंत्री अधिकारी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि 'भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू जी, मुझे दर्शन देने के लिए मैं अत्यंत सम्मानित और आभारी हूं। महामहिम, पश्चिम बंगाल की जनता आपको सर्वोच्च सम्मान देती है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके अगले राज्य दौरे पर, पश्चिम बंगाल की नई सरकार आपके पिछले दौरे की दुखद यादों को मिटाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी, जहां तत्कालीन सरकार ने दुर्भाग्यवश आपकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया था।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में बैलेट पेपर से होंगे निकाय चुनाव

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने 26 मई को पंजाब में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और



नगर पंचायत चुनावों में ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। इस याचिका में राज्य चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी।

### घरेलू विवाद में 2 बच्चों की हत्या कर खुद दी जान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शुक्रवार को



एक दंपती ने पारिवारिक विवाद के चलते कथित तौर पर अपने 2 नाबालिग बच्चों की हत्या कर दी और उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एएसपी सुखानंदन राठौर ने बताया कि यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर की है।

## कहा, हर महीने होगी समीक्षा, केवल डिस्पोजल नहीं, जमीन पर समाधान चाहिए

# 2047 विजन, राज्यों से साझेदारी और 12 साल की उपलब्धियों के प्रस्तुतीकरण पर शिवराज ने दिया जोर

- किसान-गरीब को भटकना नहीं पड़े, शिकायत निवारण को दें वरीयता : शिवराज
- प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुरुवार शाम मंत्रिपरिषद की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर चौहान ने अगले ही दिन अपने मंत्रालयों को लेकर बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने दोनों मंत्रालयों कृषि तथा ग्रामीण विकास के अंतर्गत आने वाले विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक लेकर साफ कहा है कि सरकार का काम फाइलों में नहीं, जनता के जीवन में दिखना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसान, गरीब, ग्रामीण और आम नागरिक को योजनाओं का लाभ पाने या शिकायतों के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए योजनाबद्ध, समयबद्ध और परिणाममुखी व्यवस्था तुरंत खड़ी की जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार शाम मंत्रिपरिषद की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अगले ही दिन शुक्रवार को अपने मंत्रालयों को लेकर यह बैठक की। चौहान ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम आदमी को लड़ना न पड़े, उसे दर-दर भटकना न पड़े और उसे योजनाओं का लाभ सहज, सरल और समय पर मिलना चाहिए। इसी को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कृषि, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन और आईसीएआर समेत संबंधित इकाइयों में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत, प्रभावी और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी विभिन्न योजनाओं और विभागों में शिकायतों के निपटारे की अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं, जैसे



अलग पोर्टल, अलग तंत्र और अलग प्रणाली, लेकिन अब इस व्यवस्था को ज्यादा प्रभावी और परिणामकारी बनाने की जरूरत है। इसके लिए कृषि और ग्रामीण विकास, दोनों विभागों में कम से कम 10-10 अधिकारियों की टीम गठित करने को कहा गया, जो प्रतिदिन शिकायतों, जनसमस्याओं, पत्रों, जनप्रतिनिधियों के प्रतिवेदनों और विभिन्न पोर्टलों पर आई समस्याओं की समीक्षा करे। चौहान ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि शिकायतों का समाधान केवल कागज पर 'डिस्पोजल' दिखाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह देखा जाए कि लाभार्थी को वास्तविक राहत मिली या नहीं, योजना का लाभ वास्तव में पहुंचा या नहीं, और कहीं ऐसा तो नहीं कि रिकॉर्ड में वितरण दिख रहा हो लेकिन जमीन पर लाभार्थी को कुछ मिला ही न हो। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अपने उस अनुभव का भी उल्लेख किया, जिसमें लाभार्थियों को फोन कर सत्यापन करने पर कुछ मामलों में कागज और वास्तविकता के बीच अंतर सामने आया था। उन्होंने साफ कहा कि यह समस्या आसान नहीं, बल्कि जटिल है, इसलिए शिकायतों की प्रकृति, क्षेत्रवार प्रवृत्ति और योजनावार अड़चनों की पहचान कर तंत्र में आवश्यक बदलाव करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि हर महीने शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। शिवराज सिंह ने कहा कि महीने के पहले सोमवार को समीक्षा की जाएगी, हालांकि जून में खरीफ कार्यों की व्यस्तता को देखते हुए दूसरे सोमवार को विस्तृत समीक्षा की जाएगी, लेकिन तब तक तंत्र और अधिक व्यवस्थित, उत्तरदायी और प्रभावी हो जाना चाहिए। चौहान ने कहा कि अब हर डिवीजन, हर योजना और हर विभाग अपने स्तर पर यह पहचाने कि आखिर कठिनाई कहां है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क योजना, कृषि योजनाएं, बागवानी, बीमा, विपणन या अन्य कार्यक्रमों में जहां कहीं लाभार्थी बेवजह चक्कर काट रहा है, वहां नियम, प्रक्रिया, तंत्र और कार्यप्रणाली को सरल बनाना ही होगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने साफ कहा कि प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया जाए और पुराने-अप्रासंगिक रेगुलेशंस को खत्म करना अब जरूरी है। उन्होंने पूछा कि हर चीज के लिए लाइसेंस की जरूरत क्यों हो, कई जगह पंजीकरण या आसान प्रणाली से काम क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर विभिन्न योजनाओं में बाधा पैदा करने वाले प्रावधानों, जटिल प्रक्रियाओं और सुधार योग्य बिंदुओं की पहचान कर ली जाए, ताकि आगे त्वरित निर्णय लिया जा सके। बैठक में एआई और टेक्नोलॉजी के उपयोग पर महत्वपूर्ण रूप से बात करते हुए चौहान ने कहा कि कृषि, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन और आईसीएआर सहित सभी क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा शेयरिंग, डेटा आधारित निर्णय, मॉनिटरिंग और इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए अलग टीम बनाकर अध्ययन करने और उपयोगी प्रस्ताव उनके सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## मृदा स्वास्थ्य और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए 12,979 से अधिक शिविरों का आयोजन किया गया

### 'खेत बचाओ अभियान' के तहत मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पर किसानों को किया गया जागरूक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने अपने राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं जो मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पर केंद्रित है। 'खेत बचाओ अभियान' ने किसानों और हितधारकों को वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से देश भर में व्यापक पहुंच स्थापित की है। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान में अब तक कुल 12,979 जागरूकता शिविर और सेमिनार आयोजित किए गए हैं। इसमें 7.17 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से शामिल किया गया है। क्षमता निर्माण के लिए 3,145 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 1,11,509 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरी खाद, जैव उर्वरक और जैविक स्त्रोतों पर 7,928 क्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। जमीनी स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, सरपंच और जिला परिषद सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ 4,916 जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किए गए। उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला की भूमिका को पहचानते हुए, संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उर्वरक डीलरों के साथ 9,609 संवाद आयोजित किए गए। इस अभियान में किसान संगठनों का भी उपयोग किया गया जिसके अंतर्गत किसान संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और किसान समूह (एफआईजी) के माध्यम से 8,383 किसान सदस्यों को जोड़ा गया। व्यापक प्रचार के लिए बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स सहित प्रचार सामग्री को देश भर में 53,616 स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। 944 रेडियो वार्ता और 200 टीवी/डिजिटल कार्यक्रमों सहित 1,144 मीडिया प्रसारणों के माध्यम से संदेश को और अधिक प्रभावी बनाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल प्रचार ने अभियान की पहुंच को 2.712 करोड़ लोगों तक पहुंचाया है। 'खेत बचाओ अभियान' पहल का उद्देश्य मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को प्रोत्साहित करना और रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है जिससे मृदा की उर्वरता की रक्षा हो सके और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

## 1500 से ज्यादा ऑडिट एक्शन नोट लंबित, पीएसी अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने जताई इस पर चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद की सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय निगरानी समितियों में शामिल पब्लिक अकाउंट्स कमेटी ने सरकारी मंत्रालयों और विभागों में लंबित ऑडिट मामलों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पीएसी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम में 1500 से ज्यादा एक्शन टेकन नोट्स लंबित हैं, जो जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन के लिए बड़ा खतरा है। पीएसी की 2026-27 की पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में सार्वजनिक खर्च की जटिल प्रकृति को देखते हुए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ऑडिट रिपोर्टों पर मंत्रालयों और विभागों को अधिक सहयोगात्मक और तेज प्रतिक्रिया देनी होगी। उन्होंने बताया कि पिछली पीएसी (2025-26) ने संसद में 26 रिपोर्ट पेश की थीं, लेकिन बड़ी संख्या में लंबित एटीएन यह संकेत देते हैं कि विभिन्न मंत्रालय ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

## एनटीए बन गया है 'नेशनल ट्रॉमा एजेंसी' जयराम रमेश का शिक्षा मंत्रालय पर हमला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता  ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार, और जांच एजेंसियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही मोदी सरकार और उसका तंत्र 'पेपर लीक माफिया' के साथ मिलीभगत कर परीक्षाओं में हुई धांधली को दबाने में लगा हुआ है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनटीए के डायरेक्टर जनरल ने एक संसदीय समिति के सामने दावा किया कि नीट का पेपर लीक नहीं हुआ था।

कांग्रेस नेता ने इसे 'बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी' करार देते हुए कहा कि परीक्षा से पहले छात्रों के बीच एक ऐसा 'गेस पेपर' घूम रहा था, जिसमें वास्तविक परीक्षा में आए कई सवाल शामिल थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि इसे पेपर लीक नहीं माना जाएगा, तो फिर इसे क्या कहा जाएगा ? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इससे पहले भी नीट में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है। जयराम रमेश ने कहा कि यदि उस समय सख्त कार्रवाई की गई होती तो 2026 की स्थिति टाली जा सकती थी। उन्होंने राजस्थान के सीकर जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि जिन स्थानों को 2024 में 'धोखाधड़ी के हॉटस्पॉट' बताया गया था, वे ही इस बार भी चर्चा में हैं। कांग्रेस महासचिव ने  की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने 2024 की नेट परीक्षा में किसी भी अनियमितता से इनकार करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी, जबकि उसी परीक्षा को एनटीए ने रद्द किया था। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की अदालत ने सीबीआई से अपनी क्लोजर रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा तो एजेंसी ने अतिरिक्त समय की मांग की, जिस पर अदालत ने फटकार भी लगाई। जयराम रमेश ने कहा कि देश के लाखों युवाओं के लिए एनटीए अब 'नेशनल ट्रॉमा एजेंसी' बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय, सीबीएसई , एनसीईआरटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित कई संस्थानों में पेशेवर उत्कृष्टता की जगह 'वैचारिक नजदीकी' को प्राथमिकता दी जा रही है। कांग्रेस नेता ने इस पूरे मामले के लिए प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराने की मांग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं और सरकार इस मुद्दे पर जवाबदेही से बच नहीं सकती।

### बस-ऑटो की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

**गंजम।** ओडिशा के गंजम जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।एक बस और ऑटो रिक्शा के



बीच टक्कर हो गई। इसमें 6लोगों की जान चली गई और 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ते अनुसार मृतकों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के बताए जा रहे हैं।

## डब्ल्यूएफआई को लगाई फटकार,फोगाट को राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई। डब्ल्यूएफआई ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि विशेषज्ञों की टीम बनाकर विनेश की स्थिति का मूल्यांकन करे और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह ट्रायल में हिस्सा ले सकें।

## भू-राजनीतिक संकट के बीच गैस आपूर्ति और उर्वरक सुरक्षा पर श्रीनगर में हुआ रणनीतिक मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के तहत श्रीनगर पहुंचे। इस दौरान आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने समिति के सदस्यों, विभागीय अधिकारियों तथा उर्वरक एवं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। बैठक में 'भू-राजनीतिक संकट का उर्वरक क्षेत्र पर प्रभाव और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की तैयारियां' तथा 'जम्मू-कश्मीर में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण' जैसे अहम विषयों पर विस्तार से मंथन



किया गया। चर्चा के दौरान वैश्विक तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच देश में गैस आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने तथा भारतीय उर्वरक क्षेत्र को हर परिस्थिति के लिए सक्षम और तैयार रखने की रणनीति पर विशेष फोकस रहा। बृजमोहन अग्रवाल ने उर्वरक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित गेल, इंडियन ऑयल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों के साथ 'भू-राजनीतिक संकट का उर्वरक क्षेत्र पर प्रभाव और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की तैयारियां' विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वैश्विक तनाव और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भारत की ऊर्जा एवं उर्वरक सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने को लेकर रणनीतिक मंथन किया गया। बैठक के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जम्मू-कश्मीर सरकार के उर्वरक विभाग के अधिकारियों तथा एनएफएल, आरसीएफ, इफको एवं कृभको के प्रतिनिधियों के साथ 'जम्मू-कश्मीर में उर्वरकों की उपलब्धता' विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के खाद-उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## केंद्रीय बैंक ऑफ इंडिया के 'ऑफर ऑफ सेल्स' को जबरदस्त रिस्पॉन्स, पहले दिन 2.35 गुना सब्सक्राइब

केंद्र सरकार पूरा ग्रीन शू ऑप्शन करेगी इस्तेमाल, 25 मई को रिटेल निवेशक और कर्मचारी लगा सकेंगे बोली

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक  के ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) को निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इश्यू पहले ही दिन 2.35 गुना ओवरसब्सक्राइब हो गया, जिससे सरकारी बैंकिंग क्षेत्र में निवेशकों के मजबूत भरोसे का संकेत मिला है। भारी मांग को देखते हुए केंद्र सरकार ने पूरा ग्रीन शू ऑप्शन इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से अब अतिरिक्त शेयरों की बिक्री भी संभव होगी और विनिवेश के जरिए अधिक संसाधन जुटाए जा सकेंगे। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी बैंकों की बेहतर होती वित्तीय स्थिति, बढ़ते मुनाफे और एनपीए में कमी के कारण निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। ओएफएस के पहले दिन निवेशकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अब रिटेल निवेशकों और बैंक कर्मचारियों के लिए बोली प्रक्रिया 25 मई को खुलेगी। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव ने कहा कि ऑफ इंडिया के ओएफएस को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद बैंकिंग क्षेत्र और सरकार के सुधारों में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 49/2024)**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 49/2024 | 06.06.2026 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **https://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.06.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 21.05.2026
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/382/2027/45481/88/7 दि. 22.05.26

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड गलियों की रि-कार्पेटिंग हेतु एस/आर। | 21.05.2026 28.05.2026 | रू. 39.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | गांव बोहर, वार्ड नं. 10 एम.सी. रोहतक में अठगामा भवन से सीलक बैठक और इसके साथ लगती गलियों, मंडाला तालाब के निकट एलएचएस साइड गली से आईपीबी टाइल पुनः बिछाना और शमशान घाट के निकट नाला साइड आईपीबी टाइल पुनः बिछाना, नांदल भवन तालाब के निकट चारदीवारी को ऊपर उठाना और आशाराम बापू से नांदल भवन फ्रंट नाला तक ड्रेन का निर्माण। | 21.05.2026 01.06.2026 | रू. 64.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-2 रोहतक में सामुदायिक केंद्र में कार्यालय और शौचालय का निर्माण (पुनःआमंत्रण)। | 21.05.2026 28.05.2026 | रू. 34.42 लाख | https://etenders hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/80/45496/I/88/7 दि. 22.05.26

# 60 दिन में नौकरी खोजें वरना अमेरिका छोड़ें, एच-1बी वीजा धारकों को अल्टीमेटम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनियों मेटा, अमेज़न और ओरेकल में हाल ही में बड़े पैमाने पर हुई छंटनी ने हजारों भारतीय टेक पेशेवरों को मुश्किल में डाल दिया है। नौकरी जाने के बाद अब एच-1बी वीज़ा धारक भारतीयों के सामने केवल 60 दिनों का समय बचा है। इसी दौरान उन्हें नई नौकरी खोजनी होगी वरना उन्हें अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

■ अमेरिका में नौकरी जाने के बाद 60 दिनों का 'ग्रेस पीरियड' मिलता है

दरअसल, अमेरिकी इमिग्रेशन नियमों के अनुसार, एच-1बी वीजा पर काम कर रहे किसी विदेशी कर्मचारी की नौकरी जाने के बाद उसे 60 दिनों का "ग्रेस पीरियड" मिलता है। इस दौरान अगर उसे कोई नया नियोक्ता नहीं मिलता जो उसके वीज़ा को स्पॉन्सर करे, तो उसे अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

## बड़े पैमाने पर हुई छंटनी ने हजारों भारतीय टेक पेशेवरों को मुश्किल में डाला

### विकल्प की तलाश

इमिग्रेशन विशेषज्ञों का कहना है कि अब वीजा मंजूरी मिलना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। ऐसे में अब नए विकल्पों की तलाश हो रही है। कई भारतीय अब कनाडा और यूरोप को एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोग एफ-1 (छात्र वीजा) या ओ-1 (असाधारण क्षमता वाले व्यक्तियों के लिए वीजा) जैसे अन्य मार्गों पर भी विचार कर रहे हैं। मेटा जैसी कंपनियां अब अपनी संरचना को 'फ्लैट' करने और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर ध्यान केंद्रित करने के लिए छंटनी का सहारा ले रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में टेक सेक्टर में काम करने वाले भारतीयों की चिंताएं और बढ़ सकती हैं।






**भारतीय आईटी पेशेवरों पर सबसे ज्यादा असर :** हाल के महीनों में बी-1/बी-2 स्टेटस परिवर्तन से जुड़े मामलों में अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग और अस्वीकृति नोटिस तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि उनके करियर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। एच-1बी वीजा कार्यक्रम में भारतीयों की भागीदारी सबसे अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में मंजूर की गई 4,06,348 एच-1बी याचिकाओं में से 2,83,772 केवल भारतीयों की थीं। 2026 में अब तक 144 टेक कंपनियों में 1,10,000 से अधिक कर्मचारी अपनी नौकरी खो चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या भारतीयों की है।

## अब यूएस में ग्रीन कार्ड के लिए पहले अपने देश जाओ, फिर आवेदन करो

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को स्थायी निवास या ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए अपने गृह देश लौटकर आवेदन करना होगा। यूएससीआईएस के प्रवक्ता जैक काहलर ने कहा कि अब से असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, अमेरिका में अस्थायी रूप से रह रहे और ग्रीन कार्ड हासिल करने के इच्छुक किसी भी विदेशी को आवेदन करने के लिए अपने गृह देश लौटना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका आव्रजन प्रणाली में विदेशियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कानून के मूल उद्देश्य पर लौट रहा है। काहलर ने कहा, "यह नीति हमारी आव्रजन प्रणाली को कानून के उद्देश्य के अनुसार कार्य करने की अनुमति देती है, न कि खामियों को बढ़ावा देती है। जब विदेशी अपने गृह देश से आवेदन करते हैं, तो इससे उन लोगों को ढूंढ़ने और निकालने की आवश्यकता कम हो जाती है जो निवास की अनुमति न मिलने के बाद छिपकर अमेरिका में अवैध रूप से रहने का फैसला करते हैं। यूएससीआईएस ने एक नया नीतिगत ज्ञापन जारी किया है जिसमें इस तथ्य को दोहराया गया है कि लंबे समय से चले आ रहे आव्रजन कानून और संबंधित अदालत के फैसलों के अनुरूप, विदेशियों को देश के बाहर राजनयिक प्रक्रिया के जरिए आवेदन करना होगा। यूएससीआईएस ने कहा, "छात्रों, अस्थायी कामगारों या पर्यटक वीजा पर आने वाले लोगों जैसे गैर-आव्रजक थोड़े समय के लिए और एक विशिष्ट उद्देश्य से अमेरिका आते हैं। हमारी प्रणाली इस तरह से बनाई गई है कि यात्रा समाप्त होने पर वे वापस चले जाएं। उनकी यात्रा ग्रीन कार्ड प्रक्रिया का पहला कदम नहीं होनी चाहिए।

■ अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा ने नियम सख्त किए

## बढ़ी कीमतें और आयात शुल्क में वृद्धि से घट सकती है बिक्री

# सोने के आभूषणों की बिक्री 2026-27 में 13-15% तक घटने का अनुमान: क्रिसिल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

*सोने की बढ़ी कीमतों और आयात शुल्क में हाल की वृद्धि से देश के संगठित स्वर्ण आभूषण खुदरा क्षेत्र की बिक्री मात्रा के लिहाज से चालू वित्त वर्ष में 13-15 प्रतिशत तक घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया।*

रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में भी सोने के बने आभूषणों की बिक्री में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में सोने की ऊंची कीमतों की वजह से प्रति इकाई अधिक मूल्य हासिल होने से इस क्षेत्र का राजस्व 20-25 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

■ पिछले वित्त वर्ष में भी आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी

■ इस क्षेत्र का राजस्व 20-25 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना

■ 720 टन सोने के आयात से 72 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा बाहर गई

### नकद प्रवाह से कंपनियों की ऋण स्थिति स्थिर रहेगी

रिपोर्ट के मुताबिक, ऊंची कीमतों के कारण अधिक माल रखने की लागत और बैंक ऋण पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन बेहतर राजस्व और नकद प्रवाह से कंपनियों की ऋण स्थिति स्थिर बनी रहेगी। 2025-26 में भारत ने 720 टन सोने का आयात किया, जिससे 72 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा बाहर गई।

### व्यापार घाटा कम करने बढ़ाई सीमा शुल्क

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच अपना व्यापार घाटा कम करने और रुपये को समर्थन देने के उद्देश्य से हाल ही में सोने पर सीमा शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष में वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये में कमजोरी के कारण घरेलू सोने की कीमतों में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे सोना खरीद पाने की क्षमता पर असर पड़ा है।



*सीमा शुल्क में वृद्धि एक बड़ी बाधा : क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक हिमांक शर्मा ने कहा, /"सीमा शुल्क में वृद्धि सोने की मांग के लिए एक बड़ी बाधा साबित होगी और चालू वित्त वर्ष में आभूषण क्षेत्र की बिक्री मात्रा 13-15 प्रतिशत घटकर 620-640 टन रह सकती है जो एक दशक का निचला स्तर होगा।/"*

*कम कैरेट के आभूषणों की ओर रुख : ऐसी स्थिति में उपभोक्ता हल्के वजन और कम कैरेट (16-22 कैरेट) के आभूषणों तथा जड़ाई गहनों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले दो वित्त वर्षों में सोन में निवेश की मांग बढ़ी है। इसमें सोने की छड़ (बार) और सिक्कों की बिक्री 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ी जबकि आभूषणों की बिक्री 25 प्रतिशत घट गई।*

### आयात शुल्क में और बदलाव की संभावना


रेटिंग एजेंसी के सह निदेशक गौरव अरोड़ा ने कहा कि आभूषणों के संगठित खुदरा विक्रेता फ्रेंचाइजी मॉडल के जरिए सावधानीपूर्वक विस्तार कर रहे हैं, जिससे पूंजी दक्षता बढ़ रही है और छोटे शहरों तक उनकी पहुंच बन रही है। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव, आयात शुल्क में आगे और बदलाव की संभावना और उपभोक्ता मांग में परिवर्तन जैसे जोखिमों पर नजर रखना जरूरी होगा।

### सोना 600 रुपये फिसला चांदी स्थिर

*राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अमेरिका-ईरान बातचीत में शुरुआती प्रगति के कारण कीमती धातुओं की खरीद कम हुई है। स्थानीय बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये गिरकर 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। हालांकि, सराफा बाजार में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।*

## बैंकों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई



■ सेंसेक्स 232 और निफ्टी 65 अंक चढ़ा

■ अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता की दिशा में प्रगति से धारणा बदली

प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की दिशा में प्रगति की उम्मीदों से निवेश धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 231.99 अंक बढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 627.61 अंक तक की तेजी दर्ज की गई थी। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 64.60 अंक बढ़कर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा गुरुग्राम में राष्ट्रव्यापी मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 21 मई 2026 को गुरुग्राम में राष्ट्रव्यापी मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रिटेल ऋण व्यवसाय को बढ़ावा देना तथा संभावित ग्राहकों एवं रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ सहभागिता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में श्री राहुल सक्सेना, क्षेत्रीय प्रमुख, गुरुग्राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संभावित ऋण ग्राहकों एवं विभिन्न बिल्डर्स एवं रियल एस्टेट प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आउटरीच कार्यक्रम रिटेल क्षेत्र के साथ बैंक की सहभागिता को मजबूत करने हेतु एक प्रभावी मंच साबित हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार में आठ अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष (वित्त वर्ष 2026) के लिए प्रदर्शन अपडेट

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (₹एलआईसी₹) के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया एवं स्वीकृति प्रदान की। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों की प्रमुख विशेषताएं दी गई हैं। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ (**PAT**) 57,419 करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में यह 48,151 करोड़ था, जिससे 19.25% की वृद्धि दर्ज हुई। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 10 प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है (जो बोनस इश्यू से पहले के आधार पर 20 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर है)। यह लाभांश निगम की 5वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होगा। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (**FYPI**) (**IRDAI** के अनुसार) के आधार पर बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, **LIC** भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है, **FY**26 में इसकी कुल बाजार हिस्सेदारी 56.66% रही, जबकि **FY**25 में यह 57.05% थी। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए, व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 36.60% तथा समूह व्यवसाय में 70.11% रही।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम** NER-BSB0SnT-OT-26-2026 **कार्य का नाम:** वाराणसी डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर स्थापित रैवेल कंपनी के फायर अलार्म डिटेक्शन सिस्टम के लिए 24 महीने (2 वर्ष) की अवधि का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **अनुमानित लागतः** ₹17823684.00 **बयाना की राशिः** ₹356500.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत :** Rs 00.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 12.06.2026 को 15.00 बजेः नोटः** 1. ई-निविदा दिनांक 12.06.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मं0रे0प्र0 (सि0एवंदूर0सं0)/
मुजाधि/सिंगनल-38 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ग्रीनलाइन मोबिलिटी एलएनजी ट्रकों का भारत में बेड़ा बढ़ाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ कंपनी आगामी तीन वर्षों में 1500 करोड़ रुपए निवेश करेगी

■ एलएनजी ट्रकों का बेड़ा बढ़ाकर 10,000 करने का

एस्सार समूह की कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले तीन वर्षों में 1,500 करोड़ रुपये का निवेश कर एलएनजी से चलने वाले ट्रकों का बेड़ा बढ़ाकर 10,000 करने और एलएनजी ईंधन स्टेशनों की संख्या 50 तक ले जाने की योजना बना रही है।

भारत में डीजल से चलने वाले ट्रकों के बेड़े के सिर्फ 10 प्रतिशत हिस्से को ही एलएनजी में बदल देने से ईंधन आयात में जो कमी आएगी, उसके जरिए हर साल पांच-छह अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। ग्रीनलाइन मोबिलिटी के सीईओ मधुर तनेजा ने कहा कि लंबी दूरी के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के लिए एलएनजी ट्रक ईंधन लागत में करीब 20 प्रतिशत तक कमी ला सकते हैं, क्योंकि इन ट्रकों की प्रति किलोमीटर ईंधन खपत कम होती है। तनेजा ने कहा कि एलएनजी ट्रक पारंपरिक डीजल ट्रकों की तुलना में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में करीब 25 प्रतिशत, नाइट्रोजन ऑक्साइड में 85 प्रतिशत और हवा में मौजूद बहुत छोटे कणों (पीएम) में 95 प्रतिशत तक कमी लाते हैं।

तनेजा ने कहा कि कंपनी फिलहाल करीब 1,000 एलएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों का संचालन कर रही है और अगले तीन वर्षों में इसे बढ़ाकर 10,000 से अधिक करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, एलएनजी स्टेशन की संख्या मौजूदा सात से बढ़ाकर इस वर्ष 25 और अगले वर्ष 50 करने की योजना है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## वेदांता की तलवंडी साबो पावर पर 127 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को करीब 127 करोड़ रुपये तथा उस पर लागू विलंब भुगतान अधिभार चुकाने का निर्देश दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने अपीलीय विद्युत अधिकरण (एप्टेल) के फैसले को निरस्त कर दिया और पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग (पीएसईआरसी) के आदेश को बहाल कर दिया है। इस आदेश के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी 2017 के लिए ग्रिड कोड के अनुसार उपलब्धता की गलत घोषणा के मामले में तलवंडी साबो पावर लिमिटेड पर लगाए गए जुर्माने को लागू विलंब भुगतान अधिभार सहित बरकरार रखा है। तलवंडी साबो पावर लिमिटेड पंजाब के मानसा जिले के बनावाला में स्थित 1,980 मेगावाट की बेहद महत्वपूर्ण कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना है। कंपनी सूचना के अनुसार, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को लगभग 127 करोड़ रुपये और उस पर लागू विलंब भुगतान अधिभार का भुगतान करेगी।

## होंडा कार्स की 2030 तक 10 से अधिक मॉडल लाने की योजना

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली जापान की कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और सीईओ ताकाशी नाकाजिमा कहा कि कंपनी वर्ष 2030 तक भारत में 10 से अधिक नए मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और कॉम्पैक्ट एसयूवी शामिल होंगे। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को भारत में अपनी लोकप्रिय हाइब्रिड सेडान कार 'सिटी' का नया संस्करण पेश किया। इसकी शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ने भारत में अपनी प्रीमियम एसयूवी 'जेडआर-वी' भी पेश किया। नकाजिमा ने संवाददाताओं से कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में अपना पहला पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भारत में पेश करेगी। उन्होंने कहा, /"हाल ही में हमने घोषणा की है कि हम दो श्रेणियों (चार मीटर से कम और मध्यम आकार के) में नए मॉडल पेश करेंगे। पिछली बार जापान में हमने 10 मॉडल की बात कही थी।

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

फोन नं. 07752-273990 E-mail:-cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./491/ई-निविदा/न.पं./2026-27 **षष्ठम ई-निविदा सूचना** मल्हार, दिनांक 21/05/2026

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-जी (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।


| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191433 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-G) (Lumpsum Rate) (6TH call) | 21.05.2026 17.30 बजे से | 02.06.2026 17.30 बजे | 04.06.2026 16.00 बजे | 04.06.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबंधित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in/www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नहीं करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचें ::-

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

## शब्द पहेली - 6234




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6233 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



# नेट बॉलर से बने आईपीएल के स्टार गेंदबाज, फ्रेंचाइजी ने जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता, जिसके वह हकदार हैं। जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपए कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है।

### मिलते हैं 7 हजार रुपए

आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपए मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है।

### खिलाड़ियों के लिए अनोखा प्रशिक्षण

कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं।

## नेट बॉलर से आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने वाले क्रिकेटर

### चेतन साकरिया



गुजरात से आने वाला यह पेसर आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों का हिस्सा बनने से पहले नेट बॉलर था। साकरिया ने नेट्स में राजस्थान और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को प्रैक्टिस कराई। इसके बाद उन्हें ट्रायल्स के लिए बुलाया गया। राजस्थान ने इस गेंदबाज को बाद में 2021 आईपीएल ऑक्शन में 1.20 करोड़ रुपए में लिया था।





### उमरान मलिक

जम्मू कश्मीर से आने वाले इस तेज गेंदबाज का भी आईपीएल से कनेक्शन नेट बॉलर के तौर पर ही जुड़ा। टी नटराजन चोटिल हुए तो उन्हें रिप्लेसमेंट के तौर पर ले लिया गया। अगले सीजन से पहले हैदराबाद ने उमरान को चार करोड़ रुपए में रिटेन किया।

### गुरनूर बराड़

हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ के लिए आईपीएल का रास्ता नेट्स के जरिए ही खुला। वे पंजाब किंग्स के साथ नेट बॉलर थे। इस टीम के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन ने नेट्स में उनकी पेस और उछाल को देखते हुए शामिल करने की सिफारिश की। पंजाब ने इस बॉलर को ले लिया। वे एक ही मैच खेल सके। अभी गुजरात टाइटंस के साथ हैं। साथ ही काफी समय से लगातार भारतीय टेस्ट स्क्वॉड के नेट बॉलर हैं।

### नमन तिवारी

यूपी से आने वाले पेसर नमन तिवारी को आईपीएल 2026 के ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने लिया। उन पर एक करोड़ रुपए की बोली लगी। इससे पहले दो सीजन तक यह गेंदबाज इसी टीम के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहा था।

### आकाश मधवाल

उत्तराखंड से आने वाला यह पेसर आईपीएल में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेला है। इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया। आकाश मधवाल भी नेट बॉलर के तौर पर आईपीएल टीमों की नजरों में आए।

### कुमार कार्तिकेय

मध्य प्रदेश से आने वाले बाएं हाथ के इस स्पिनर को मुंबई की तरफ से 2022 में आईपीएल खेलने का मौका मिला था। उन्हें पेसर अरशद खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया गया। कुमार कार्तिकेय पहले मुंबई के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहे थे।

### ये खिलाड़ी भी नेट बॉलर रहने के बाद बने आईपीएल का हिस्सा

इनके अलावा कृष भगत (मुंबई इंडियंस), फजलहक फारुकी (चेन्नई सुपर किंग्स), क्रेंस फुलेत्रा (सनराइजर्स हैदराबाद), यश राज पंजा (राजस्थान रॉयल्स), रघु शर्मा (मुंबई इंडियंस), हर्ष दुबे (सनराइजर्स हैदराबाद), अशोक शर्मा (गुजरात टाइटंस), इशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद), आकाश दीप (कोलकाता नाइट राइडर्स), गुरजपनीत सिंह (चेन्नई सुपर किंग्स) जैसे गेंदबाज भी आईपीएल नेट्स में कमाल करते हुए टूर्नामेंट का हिस्सा बने।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



साईं सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## आईपीएल: ईशान, अभिषेक, क्लासन के अर्धशतक, ईशान मलिंगा को 2 विकेट

# सनराइजर्स हैदराबाद जीती, हार के बावजूद आरसीबी तालिका में शीर्ष पर

- हैदराबाद ने बेंगलुरु को 55 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में 55 रन से जीत हासिल की लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने से नहीं रोक सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। आरसीबी को शीर्ष दो में रहने के लिए 166 रन का स्कोर बनाना था और 178 रन से ज्यादा रन का स्कोर बनाने से उसका शीर्ष स्थान तय था। कप्तान रजत पाटीदार (56 रन) और कृणाल पंड्या (नाबाद 41) के बीच चौथे विकेट के लिए 58 गेंद में 84 रन की भागीदारी से आरसीबी ने 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बनाकर हारने के बावजूद पहला स्थान सुनिश्चित किया। आरसीबी (प्लस 0.783), गुजरात टाइटन्स (प्लस 0.695) और सनराइजर्स हैदराबाद (प्लस 0.524) के 18-18 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट से क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अब पहले क्वालीफायर में आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में गुजरात टाइटन्स से होगा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 27 मई को एलिमिनेटर में खेलेगी। आरसीबी ने पावरप्ले में तूफानी शुरूआत की और जैकब बेथेल की अनुपस्थिति में इस सत्र में पहली बार पारी का आगाज करने उतरे वेंकटेश अय्यर (19 गेंद में 44 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत चार ओवर में 57 रन बना लिए थे। पां च वें ओवर में ईशान मलिंगा (33 रन देकर दो विकेट) ने वेंकटेश की पारी समाप्त की जिनका कैच अभिषेक शर्मा ने लिया जबकि विराट कोहली (15 रन) छठे ओवर में साकिब हुसैन की गेंद पर कवर पर आर स्मरण के हाथों लपके गए। लेकिन तब तक आरसीबी ने छह ओवर में दो विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए थे।




**हैदराबाद-255/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का सब बो सूयश | 56 |
| ट्रेविस हेड बो रसिख सलाम | 26 |
| ईशान का पडिक्कल बो सलाम | 79 |
| क्लासेन का वेंकटेश बो पंड्या | 51 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 29 |

अतिरिक्त : 14
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन
विकेट पतन : 1-45, 2-97, 3-210, 4-255
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-51-0, हेजलवुड 4-0-55-0, रसिख सलाम 4-0-52-2, सूयश 3-0-36-1, शेफर्ड 3-0-37-0, कृणाल पंड्या 2-0-24-1

**बेंगलुरु-200/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अय्यर का अभिषेक बो मलिंगा | 44 |
| विराट का स्मरण बो साकिब हुसैन | 15 |
| देवदत्त का अभिषेक बो मलिंगा | 21 |
| रजत का स्मरण बो साकिब हुसैन | 56 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 41 |
| टिम डेविड नाबाद | 15 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन
विकेट पतन : 1-60, 2-74, 3-94, 4-178
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-48-0, मलिंगा 4-0-33-2, शिवांग 2-0-32-0, साकिब हुसैन 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-37-0, नीतिश रेड्डी 1-0-10-0, ट्रेविस हेड 1-0-7-1

### हार से आहत पंजाब, एलएसजी के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत, आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला



**लखनऊ।** लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले 6 मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले 7 मैचों में 6 जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार 6 हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं।

### विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल को कहा अलविदा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा, मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।*

## खबर संक्षेप



### अंडर-18 महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं स्वीटी

**नई दिल्ली।** स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं।

### मोरक्को में पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर प्रणवी

**रबात।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां लाला मेरियम कप के पहले दिन तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर 9 अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ियों की शुरुआत साधारण रही। अवनि प्रशांत और दीक्षा दो ओवर 75 का कार्ड बनाकर संयुक्त 61वें स्थान पर जबकि हिताशी पांच ओवर 78 का कार्ड खेलकर संयुक्त 99वें स्थान पर रही। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी केल्सी बेनेट अपने पहले दौर में पांच अंडर 68 का कार्ड खेलकर दो स्ट्रोक की बढ़त के साथ सबसे आगे चल रही है।

*हरियाणा की टीम ने कुल 3 स्वर्ण और 2 रजत सहित 5 पदक जीते*

# जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हरियाणा बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 17 से 21 मई तक आयोजित हुई 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने कुल 3 स्वर्ण और 2 रजत सहित 5 पदक जीते। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही हरियाणा ओवरऑल चैंपियन बना। टीम के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर मेंस टीम के कोच दीपक रेड्डू और वुमेन्स टीम के कोच विजेंद्र सांगवान ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पदक विजेता खिलाड़ी

रोहतक के सक्षम ने मेंस सिंगल्स इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।भिवानी के करण सहारन और रोहतक के नितिन ने मेंस पेयर इवेंट में इस जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। हिसार की अदिति मलिक, अनुष्का फोगाट, जींद की कुशल चहल और महक ने गर्ल्स फोर इवेंट में इन चारों खिलाड़ियों ने टीम वर्क की बदौलत हरियाणा को स्वर्ण पदक



दिलाया। हिसार की तमन्ना और कुमकुम ने गर्ल्स इवेंट में शानदार खेल दिखाते हुए टीम के लिए सिल्वर मेडल जीता। हांसी के अरमान लोहान व गगन, जींद के नितिन चहल और अरमान दुल ने बॉयज फोर इवेंट में इस टीम ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया।

### पुणे में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

कोच चांद चहल ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले इन सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो कि महाराष्ट्र के पुणे में आगामी नवंबर महीने में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत के लिए यह बेहद गौरव का क्षण है क्योंकि पूरे 25 साल के लंबे अंतराल के बाद देश में इस इंटरनेशनल इवेंट (एशियन चैंपियनशिप) की वापसी हो रही है। इससे पहले साल 2000 में चंडीगढ़ में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस बार पुणे में होने जा रहे इस मुकाबले में हरियाणा के इन खिलाड़ियों से देश को ढेरों उम्मीदें होंगी।



### माया रेवती खेलेंगी जूनियर फ्रेंच ओपन

**नई दिल्ली।** भारत की प्रतिभाशाली युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती सीनियर सर्किट में धीरे-धीरे प्रवेश करने की अपनी योजना के तहत इस सत्र में जूनियर और पेशेवर टूर्नामेंटों के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन कायम करना चाहती हैं। सोलह वर्षीय माया इस साल जूनियर फ्रेंच ओपन में चुनौती पेश करेंगी। इस वर्ष उन्होंने मुख्य रूप से जूनियर सर्किट में ही भाग लिया है। उनकी कोचिंग टीम का कहना है कि यह कदम आत्मविश्वास बढ़ाने, मैच का अनुभव हासिल करने और पेशेवर प्रतियोगिताओं में बड़ा कदम उठाने से पहले मजबूत जूनियर रैंकिंग बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

मलेशिया मास्टर्स

# अश्मिता का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं।

### चालिहा ने संयमित खेल से किया प्रभावित

चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## जीता सऊदी प्रो लीग का खिताब, दमाक को 4-1 से हराया

# रोनाल्डो ने अल नासर को बनाया चैंपियन, दागे शानदार दो गोल

एजेंसी ▶▶| रियाद

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है।

### क्रिस्टियानो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में लेंगे भाग

पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया। सादियो माने और किंग्सले कोमन के गोल से अल नासर ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली, जिसके बाद रोनाल्डो ने सत्र के लीग में अपने 27वें और 28वें गोल दागे।



### फ्री किक लगाकर दागा पहला गोल

वहीं, हाफ टाइम के बाद किंग्सले कोमन ने अल नासर की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद रोनाल्डो ने अपना बेहतरीन खेल दिखाया और दो गोल करते हुए टीम की जीत पर मुहर लगा दी। रोनाल्डो ने मैच का अपना पहला गोल 60वें मिनट में फ्री किक की मदद से किया। वहीं, मैच के 81वें मिनट में उन्होंने गोलकीपर को चकमा देते हुए शानदार गोल दागा। अल नासर का डिफेंस भी इस मुकाबले में काफी मजबूत नजर आया।

### जीत के बाद रोने लगे रोनाल्डो

रोनाल्डो इस मुकाबले में जीत के बाद मैदान पर काफी भावुक दिखाई दिए, जिसमें वह अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सके और रोने लगे। दरअसल क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस क्लब के साथ साल 2023 में जुड़े थे, जिसमें टीम लगातार खिताब जीतने से चूक रही थी लेकिन अब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रोनाल्डो अपनी टीम को विजेता बनाने में कामयाब रहे हैं।

Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
असर पहले दिन से




Dr. Juneja's EYE Mantra ®
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

## चंद्रयान-3 मिशन का दुनिया में बजा डंका

# अमेरिका ने दिया अंतरिक्ष विज्ञान का प्रतिष्ठित सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत के ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान-3 को एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान 21 मई को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एसेंड सम्मेलन में स्वीकार किया। वैज्ञानिकों का मानना है कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन से भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

*चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा*

*भारत कमर्शियल स्पेस सेक्टर में बढ़ रहा*

*पीएम के 'स्पेस विजन 2047' का जिक्र किया*



भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा पुरस्कार ग्रहण करते हुए

### भारत और अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत कर रहे

भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी के 'स्पेस विजन 2047' का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया। साथ ही भारत और अमेरिका की सरकारों, उद्योगों और शोध संस्थानों के बीच अंतरिक्ष सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



विनय क्वात्रा संबोधित करते हुए

### 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड'

'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड' एआईएए का अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। यह पुरस्कार किसी व्यक्ति या टीम को अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है। टीम पुरस्कार में योगदानकर्ताओं की सूची शामिल होती है, जिनमें से अधिकतम दो प्रतिनिधि औपचारिक रूप से पुरस्कार स्वीकार करते हैं।

### रॉबर्ट गोडार्ड को रॉकेट विज्ञान का अग्रणी वैज्ञानिक माना जाता है

इस पुरस्कार की स्थापना श्रीमती गोडार्ड ने अपने पति रॉबर्ट एच. गोडार्ड की स्मृति में की थी। रॉबर्ट गोडार्ड को रॉकेट विज्ञान का अग्रणी वैज्ञानिक माना जाता है। उनके शुरुआती तरल ईंधन रॉकेट प्रक्षेपणों ने आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान की नींव रखी थी। वर्ष 1975 में इस पुरस्कार को वर्तमान स्वरूप दिया गया। उसी दौरान संस्थान ने पुराने 'गोडार्ड अवॉर्ड' का नाम बदलकर चयन प्रक्रिया का दायरा भी बढ़ाया, जो पहले प्रणोदन और ऊर्जा परिवर्तन इंजीनियरिंग विज्ञान में योगदान के लिए दिया जाता था।


रॉबर्ट गोडार्ड की पत्नी संग विनय क्वात्रा

## खबर संक्षेप

### भारत की जासूसी कर रहा था मुस्तफा, अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर से मोहम्मद मुस्तफा नामक युवक को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस ने जिले के रतनपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि मो. मुस्तफा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के जरिए पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के लगातार संपर्क में था और कथित तौर पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। उसका संबंध कुख्यात हथियार तस्कर शहजाद भट्टी नेटवर्क से है।



### नेपाल में नई गाड़ियों की बिक्री पर रोक

**काठमांडू।** वैश्विक तनाव के कारण नेपाल में ईंधन संकट गहरा गया है। बालेन सरकार ने बढ़ती भीड़, प्रदूषण और ईंधन लागत का हवाला देते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों सहित नए वाहन पंजीकरण पर रोक लगा दी। गुरुवार को यातायात प्रबंधन विभाग ने परिपत्र जारी कर अगली सूचना तक नए पंजीकरण पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही शुक्रवार से यातायात कार्यालयों ने काले नंबर प्लेट वाली गाड़ियों का पंजीकरण बंद कर दिया है।



### हमारा पड़ोसी क्यूबा नाकाम देश : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा पर दबाव बढ़ा दिया है। दोनों नेताओं ने क्यूबा को एक 'नाकाम और असफल' देश करार दिया है। उन्होंने कहा कि क्यूबा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है।

## ईरान युद्ध का भारत की नौकरियों पर डबल अटैक

# खाड़ी देशों से लौट रहे श्रमिक, निर्यात उद्योगों में भी छंटनी और सुस्ती का खतरा मंडराया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का असर अब भारत के रोजगार बाजार पर भी गहराने लगा है। खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीयों की नौकरियां खतरे में पड़ रही हैं, वहीं चमड़ा, फुटवियर, गारमेंट और ग्लासवेयर जैसे निर्यात आधारित उद्योगों की मांग भी कमजोर हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे देश में बेरोजगारी और सामाजिक तनाव बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। दशकों से खाड़ी देशों में रोजगार और श्रम आधारित निर्यात उद्योग करोड़ों भारतीयों की आय का बड़ा सहारा रहे हैं। लेकिन ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट ने इन दोनों मोर्चों पर दबाव बढ़ा दिया है। बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय वापस लौट रहे हैं, जबकि घरेलू उद्योगों में भी नए रोजगार के अवसर सिमट रहे हैं।

दिल्ली के मोहम्मद कुरैशी इसकी मिसाल हैं। वे जनवरी तक सऊदी अरब की एक ज्वेलरी दुकान में काम करते थे और करीब 30 हजार रुपये महीने कमाते थे। अब युद्ध के कारण उनकी वापसी रुक गई और वे पुरानी दिल्ली में अपने रिश्तेदार की चाय दुकान पर मुश्किल से एक तिहाई कमाई कर पा रहे हैं। कुरैशी कहते हैं, "सऊदी में जिंदगी आसान थी और कमाई अच्छी थी। यहां गुजारा मुश्किल हो रहा है। बस दुआ है कि युद्ध खत्म हो और हम फिर लौट सकें।"

हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था करीब 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, लेकिन अर्थशास्त्रियों के मुताबिक रोजगार बाजार के भीतर दबाव बढ़ता जा रहा है। हर साल 60 से 70 लाख युवा नौकरी बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जबकि नई भर्तियां धीमी हैं और वेतन वृद्धि भी कमजोर बनी हुई है। एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने आये कानपुर के एक उद्योगपति ने हरिभूमि से कहा, कानपुर जो भारत के करीब 6 अरब डॉलर के चमड़ा निर्यात का बड़ा केंद्र है, वहां हालात चिंता बढ़ा रहे हैं। चमड़ा उद्योग से सीधे या परोक्ष रूप से करीब पांच लाख लोग जुड़े हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि युद्ध के कारण ईंधन, गैस, लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत बढ़ गई है, जबकि वैश्विक मांग घट रही है।

किंग्स इंटरनेशनल फैक्ट्री के मालिक ताज आलम ने बताया कि उनकी इकाई पहले 500 से ज्यादा कर्मचारियों के साथ चलती थी, लेकिन अब आधी क्षमता और आधे स्टाफ के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, "जब भविष्य अनिश्चित दिख रहा हो तो निवेश और भर्ती कैसे बढ़ाएं?"

खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीयों पर भी संकट गहराता दिख रहा है। विदेशों में काम कर रहे करीब 1.9 करोड़ भारतीयों में लगभग 90 लाख खाड़ी देशों में हैं। विश्व बैंक के अनुसार 2026 में खाड़ी क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत से घटकर 1.3 प्रतिशत रह सकती है, जिससे रोजगार पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। खाड़ी देशों के लिए मानव संसाधन मुहैया कराने वाली भर्ती एजेंसियों का कहना है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष के बाद कंपनियां नई नियुक्तियां टाल रही हैं और परिवार भी विदेश भेजने पर खर्च करने से हिचक रहे हैं। एक प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक गौतम भटनागर के मुताबिक पहले हर महीने पांच से दस लोगों को नौकरी मिल जाती थी, अब मुश्किल से एक-दो लोगों का चयन हो पा रहा है।

केरल जैसे राज्यों में भी चिंता बढ़ रही है, जहां खाड़ी देशों से आने वाला पैसा स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। कई भारतीय श्रमिकों के वीजा खत्म होने की स्थिति बन रही है और कंपनियां प्रोजेक्ट रोक रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। वैश्विक व्यापार में सुस्ती, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के बढ़ते इस्तेमाल ने भी रोजगार के पारंपरिक अवसरों को प्रभावित किया है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार आने वाले समय में स्थायी नौकरियों की जगह कॉन्ट्रैक्ट, गिग और असंगठित रोजगार बढ़ सकते हैं।

## तटरक्षकबल की सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक में उठे क्षेत्रीय-वैश्विक मामले




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षकबल के महानिदेशक परमेश शिवमणि की अध्यक्षता में गुजरात के अहमदाबाद में बीते गुरुवार को 138वीं अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति (ओएससीसी) की एक बैठक हुई। जिसमें देश के अपतटीय प्रतिष्ठानों और महत्वपूर्ण ऊर्जा संरचना के लिए ढांचे की समीक्षा की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को बढ़ाने, अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत करने, निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के अलावा उभरती हुई अपतटीय सुरक्षा चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए संयुक्त प्रतिक्रिया तंत्र में सुधार पर केंद्रित रही। सभी भागीदार पक्षों ने इसमें देश की अपतटीय संपत्तियों, महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे की मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में मंत्रालय, नौसेना, वायुसेना, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय, हाइड्रोग्राफर महानिदेशक, आईबी, तेल-प्राकृतिक गैस आयोग और राज्य पुलिस बल के प्रतिनिधि शामिल हुए। चर्चा में बदलते हुए वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य, मानवरहित-ड्रोन संबंधी खतरों, आधुनिक युद्ध के पहलुओं और अंडमान-निकोबार क्षेत्र में विस्तारित अपतटीय अन्वेषण गतिविधियों पर भी मंथन किया गया।

वेनेजुएला के तेल के जरिए भी दोनों देशों के बीच व्यापार के बड़े मौके हैं। रुबियो ने कहा कि भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को लेकर पहले से बातचीत चल रही है और उनकी आगामी यात्रा के दौरान भी यह चर्चा जारी रहेगी।

# हरियाणा ईवी और ऑटोमोबाइल विनिर्माण का बनेगा वैश्विक हब : नायब

## नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में उद्योग प्रतिनिधियों और निवेशकों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

### कहा, हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन सेंटर के माध्यम से निवेशकों को दी जा रही हैं बेहतर सुविधाएं और सिंगल विंडो सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

इसी उद्देश्य को लेकर नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में हरियाणा के औद्योगिक विकास, निवेश संभावनाओं तथा एकीकृत ईवी एवं ऑटोमोटिव विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की रणनीति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वैश्विक ईवी निर्माता कंपनी VinFast से संबंधित केस प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणा में संभावित निवेश एवं विनिर्माण अवसरों को रेखांकित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर VinFast कंपनी की कार को चलाकर भी देखा। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए पारदर्शी नीतियां, बेहतर कानून व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर से निकटता, राष्ट्रीय राजमार्गों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की मजबूत उपलब्धता हरियाणा को ऑटोमोबाइल एवं ईवी उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन सेंटर के माध्यम से निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी आवश्यक अनुमतियां और सेवाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और अधिक मजबूत किया गया है। मीटिंग में हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, विनग्रुप एशिया के सीईओ एवं विनफास्ट इंडिया के एमडी राजदूत फाम सन्ह चौ, राजदूत चौ के सहायक न्गुयेन फाम वान होआन, डॉ नीना मल्होत्रा आईएफएस सचिव साउथ, इंडस्ट्री एंड कॉमर्स विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक डॉ यश गर्ग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योगपति मौजूद थे।



## पवित्र हेमकुंड साहिब के लिए पंच प्यारों के साथ पहला जत्था रवाना

एजेंसी ▶▶ गोपेश्वर

पंच प्यारों की अगुवाई, पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड-बाजों की मधुर धुनों के बीच सिक्ख श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुद्वारा गोविंदघाट से पवित्र हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुई है। श्रद्धालुओं ने 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के गगनभेदी जयकारों के साथ अपनी कठिन लेकिन आध्यात्मिक यात्रा का शुभारम्भ किया। प्रथम जत्थे की अगुवाई पावन पंच प्यारों द्वारा की गई, जो सिक्ख परंपरा में श्रद्धा, सेवा और साहस के प्रतीक माने जाते हैं।

## पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय की

# होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान, ओमान देगा साथ

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। ईरान की पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने एक नया होर्मुज स्ट्रेट निगरानी क्षेत्र घोषित है। इसके तहत स्ट्रेट के एक बड़े हिस्से को ईरान की निगरानी वाले इलाके के तौर पर दिखाया गया। अथॉरिटी ने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

### *ओमान के साथ सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा*


स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

### होर्मुज में खड़े 1600 जहाज जल्द निकलेंगे, तेल की कीमतें गिरेंगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज में खड़े 1600 तेल जहाज जल्द निकलेंगे, जिससे तेल की कीमतें गिरेंगी। बता दें, दुनिया के करीब 20% समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है।

**अमेरिका-ईरान में बातचीत आगे बढ़ी**

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में चल रही बातचीत आगे बढ़ी है। दोनों पक्ष संभावित समझौते के मसौदे और औपचारिक ढांचे पर चर्चा कर रहे हैं। इसके लिए ड्राफ्ट प्रस्तावों और संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों देश समझौते की शर्तों और भाषा को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट 84वें दिन में पहुंचा

ईरान में लागू लगभग पूर्ण इंटरनेट बंदी अब 84वें दिन में पहुंच गई है। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स के मुताबिक, देश में 1992 घंटे से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क बड़े पैमाने पर बाधित हैं। सरकार ने यह प्रतिबंध 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों बाद लागू किया था। संस्था के अनुसार, देश के अधिकांश बाहरी नेटवर्क अब भी कटे हुए हैं।

### होर्मुज मिशन में शामिल होगा जर्मनी

जर्मनी ने कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के नेतृत्व वाले मिशन में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। जर्मन विदेश मंत्री योहान वाडेफुल ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मकसद समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वह इस अभियान को नाटो मिशन नहीं मानते। इसे यूरोपीय देशों की स्वतंत्र सुरक्षा भूमिका के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

## गाइड ने की थी बचाने की कोशिश

# एवरेस्ट शिखर से उतरते समय दो भारतीयों की थकान से हुई 'मौत'

एजेंसी ▶▶ काठमांडू


संदीप अरे | अरुण तिवारी

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले दो भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही शिखर से नीचे आते समय बुरी तरह थक गए थे। उनके गाइडों के प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। भंडारी ने बताया कि संदीप अरे बुधवार को शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम लगभग 5.30 बजे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गाइडों ने बहुत मेहनत की लेकिन वह उन्हें बचाने में सक्षम नहीं हो सके। संदीप अरे का निधन गुरुवार को हुआ। वहीं, अरुण तिवारी का निधन कब हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतारोहियों ने 8,848.86 मीटर ऊंची चोटी पर विजय प्राप्त की। एक दिन में सबसे अधिक पर्वतारोहण का यह एक नया रिकॉर्ड है। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109